
RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः46 , सोमवार, 30 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



नयनाभिराम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का... 03



भारत–नेपाल आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई देने की पहल, बीरगंज में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी... 04

साड़ी में छाई आलिया भट्ट, सादगी ने बढ़ाई एक्ट्रेस की खूबसूरती, तस्वीरें .. 07


**संक्षिप्त समाचार**

## गोवा सेक्स स्कैंडल में 100 से ज्यादा नाबालिग पीड़ित

- कांग्रेस बोली-भाजपा पार्षद का बेटा 3 साल से इस नेटवर्क में शामिल

**पणजी (एजेंसी)।** गोवा में नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार भाजपा पार्षद के बेटे को लेकर कांग्रेस ने नए दावे किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर ने आरोप लगाया कि इस सेक्स स्कैंडल में 100 से ज्यादा नाबालिग लड़कियां पीड़ित हैं। साउथ गोवा के कर्चोरेम म्युनिसिपल काउंसिल के सदस्य सुशांत नाइक के 20 साल के बेटे सोहम पर नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने और उन्हें फैलाने का आरोप है। पुलिस ने अब तक सोहम के खिलाफ तीन शिकायतों की




पुष्टि की है। सोहम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, गोवा चिल्ड्रन एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत चार मामले दर्ज किए गए हैं। गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रोटेस्ट मार्च के दौरान अमित पाटकर ने कहा कि यह मामला जितना सामने आया है, उससे कहीं बड़ा हो सकता है। उनका दावा है कि आरोपी पिछले तीन सालों से इस तरह की गतिविधियों में शामिल था और पीड़ित कर्चोरेम, मडगांव, वास्को और पोंडा जैसे इलाकों से हैं। पाटकर ने पुलिस पर शुरुआती स्तर पर केस दर्ज करने में हिचकिचाहट के आरोप भी लगाए।

## बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

- आरोप-यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया। घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमीशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा– शर्म नहीं



आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ होज्तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार–बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

## अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

- 3,300 जगह प्रदर्शन, ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं।

**व्हाइट हाउस बोला-**

### प्रदर्शन से लोगों को फर्क नहीं पड़ता

व्हाइट हाउस ने इन प्रदर्शनों को थेरेपी सेशन बताते हुए कहा कि आम लोगों को इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं ट्रम्प का कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे राजा नहीं हैं और उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली है। पेरिस, लंदन और लिस्बन जैसे शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

## दूसरे विश्व युद्ध के समय बने ऑयल टैंक को करेंगे जिंदा

- भारत और यूएई ने बनाया प्लान, श्रीलंका का ऊर्जा संकट होगा खत्म

**कोलंबो (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में हो रहे अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव के चलते भारत का पड़ोसी श्रीलंका ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। इस मुश्किल समय में भारत एक बार फिर सामने आया है। भारत ने डीजल और पेट्रोल भेजकर श्रीलंका की मदद की है। इन सबसे बीच श्रीलंका के त्रिंकोमाली में दूसरे विश्व युद्ध के समय बने तेल टैंक के फार्म सुर्खियों में आ गए हैं।



श्रीलंका में इन तेल टैंकों को फिर से विकसित करने पर चर्चा हो रही है। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने इसे देश के ऊर्जा संकट का एकमात्र भरोसेमंद और लंबे समय का हल बताया है। हेराथ ने इसी 21 मार्च तो भारतीय मीडिया आउटलेट से बात की थी। उस दौरान उन्होंने ऊर्जा संकट को लेकर लंबी अवधि की रणनीति पर जोर दिया।

### भारत और यूएई करेंगे तेल टैंक का विकास

इस समझौते के तहत भारत, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात ने त्रिंकोमाली को एक क्षेत्रीय ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने पर सहमति जताई थी। इस समझौते में टैंक फॉर्म को आधुनिक करने और तेल शोधन व वितरण के लिए नए बुनियादी ढांचा स्थापित करने की योजनाएं शामिल थीं। त्रिंकोमाली प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने पर ऐसे समय में जोर दिया जा रहा है, जब श्रीलंका में ईंधन की स्थिति तेजी से बिगड़ गई है। हालांकि, श्रीलंका होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते सीधे तेल आयात नहीं करता है। उसके स्रोत भारत, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर हैं।

## एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी

**इन्हें भाजपा से डर** सत्ता में आते ही काले कारनामे खुल जाएंगे

- पीएम बोले-केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने रविवार को केरल में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। पलक्कड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है। अगर हम सत्ता में आ गए तो इनके सारे काले कारनामों की पोल खुल



जाएगी। पीएम पलक्कड़ में जनसभा के बाद 4.45 बजे त्रिशूर में रोड शो निकालेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता पलक्कड़ के लोगों के लिए खतरा बन गए हैं।

## जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट

### मन की बात में पीएम मोदी बोले-भारत हर चुनौती से निपट रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं।



इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है।

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के चंदनवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी रेमंड ग्रुप के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं।



## युद्ध ने बिगाड़े हालात | धीमी हुई 'आर्थिक' रफ्तार

- वित्त मंत्रालय ने माना इकोनॉमी की रफ्तार पर पड़ रहा ईरान युद्ध का व्यापक असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय ने मार्च 2026 की अपनी मंथली इकोनॉमिक रिव्यू रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार अब थोड़ी धीमी हो सकती है। इसकी सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में चल रहा तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। मंत्रालय ने माना है कि इन बाहरी झटकों की वजह से देश के अंदर इनपुट कॉस्ट यानी प्रोडक्शन की लागत बढ़ गई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर दबाव दिख रहा



है। **फरवरी तक स्थिति मजबूत थी, मार्च से बिगड़ने लगी–** रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी 2026 तक भारतीय इकोनॉमी काफी मजबूत स्थिति में थी।

- **इनपुट कॉस्ट और सप्लाई चेन में दिक्कतें बढ़ीं–** मंत्रालय के अनुसार, मार्च 2026 से ग्लोबल हालात बदलने लगे। वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ने से एनर्जी मार्केट और लॉजिस्टिक्स (माल ढुलाई) बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसका सीधा असर भारत के प्रोडक्शन सेक्टर पर पड़ा है। रिपोर्ट में ई–वे बिल जनरेशन में आई कमी और फ्लैश परचेज मैनेजर इंडेक्स के कमजोर आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि महीने–दर महीने आधार पर इकोनॉमी की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है।

### इकोनॉमी पर इन 3 वजहों से बढ़ रहा है दबाव

महंगा कच्चा तेल : ग्लोबल मार्केट में तेल की कीमतें बढ़ने से कंपनियों की लागत बढ़ गई है।
लॉजिस्टिक्स–इंश्योरेंस : समुद्री रास्तों में तनाव की वजह से माल ढुलाई का किराया और इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो गया है।
सप्लाई चेन :जरूरी इनपुट्स की सप्लाई में देरी होने से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर असर पड़ा है।

## पंजाब के मलेरकोटला में 2 आतंकी गिरफ्तार

- पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दबोचा

**मलेरकोटला (एजेंसी)।** पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे। इस मामले में बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई।



- **15 साल से रह रहे थे दोनों पाकिस्तानी–** बताया जा रहा है कि दोनों मलेरकोटला में पिछले 15 वर्ष से रह रहे थे। दोनों पाकिस्तानी है। गांव शरेवानी कोट के सरपंच सिमरनजीत सिंह ने दोनों को शनिवार को पुलिस के सीआइए स्टाफ की टीम ने जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ घर में दबिश देकर दोनों को पकड़ा। सिमरनजीत ने बताया कि दोनों करीब पांच साल से उनके गांव में ही रहकर मजदूरी करते थे।

## अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी 2,000 मशीन गन

*दुश्मनों को 1 किमी दूर से मार गिराने की क्षमता; एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग*



**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं। सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। 'प्रहार' की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 एमएम है। एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग होगी।

### सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी पर जोर

अंबरासु ने कहा कि सरकार रक्षा उद्योग के साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने गति और पैमाना को रक्षा खरीद के दो अहम स्तंभ बताया। उन्होंने यह भी कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और निजी कंपनियों को साथ मिलकर काम करना होगा। ग्वालियर में बना यह केंद्र करीब 100 एकड़ में फैला है और इसका सालाना उत्पादन लगभग 1 लाख हथियारों का है। इसमें इस्तेमाल होने वाली 90 फीसदी से ज्यादा सामग्री देश में ही तैयार की जाती है। यहां एक अंडरग्राउंड फायरिंग रेंज भी है, जहां अधिकारियों ने निशानेबाजी का अभ्यास किया।

## एक तरफ बातचीत तो दूसरी ओर गुप्त मिशन का प्लान

- अमरीका के जमीनी हमले की आशंका पर ईरान ने खूब लताड़ा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका सिर्फ बातचीत का दिखावा कर रहा है। जबकि अंदरखाने वह एक गुप्त मिशन प्लान कर रहा है, जिसके तहत वह ईरान पर जमीनी हमले की तैयारी में है।

यह बात ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर घालीबाफ ने कही है। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दे डाली कि ईरान की सेना, अमेरिकी सैन्य बलों हमले के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस दोहरे रवैये के लिए ईरानी संसद के स्पीकर ने डोनाल्ड ट्रंप को भी खूब लताड़ लगाई है। इरना समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित कमेंट्स में, घालीबाफ ने ट्रंप की ईरान के साथ बातचीत करने की इच्छा पर उन्हें जमकर सुनाया। उन्होंने कहाकि दुश्मन खुलकर बातचीत संदेश भेज रहा है और गुप्त रूप से



जमीन हमले की योजना बना रहा है। उन्होंने कहाकि हमारे लोग अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगा सकें। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जतायी है। साथ ही इसे सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजरायल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है।

### सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश

सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को टारगेट किलिंग करार दिया। उन्होंने कहाकि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। राष्ट्रपति ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि वह ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर बमबारी को फिलहाल रोकेंगे। यह ताजा घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब युद्धविराम वार्ता को लेकर दोनों देश गतिरोध की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं तथा उन्होंने अपने–अपने रुख कड़े कर लिए। पश्चिम एशिया में हजारों अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक तैनात किए जाने के प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जीत रहा है। उन्होंने अमेरिका की मदद न करने के लिए नाटो देशों की कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कहा कि उन्हें उनकी सहायता की जरूरत नहीं है। वह ईरान के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समय–सीमा दो बार बढ़ा चुके हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन कर सकते हैं डेब्यू

**पटना**। आज IPL में दूसरे दिन कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला है। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:00 बजे शुरू होगा। इन दोनों टीम में बिहार के चार खिलाड़ी शामिल हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन, तेज गेंदबाज आकाशदीप और अनुकूल राय शामिल है। वहीं, मुंबई इंडियंस की टीम ने सुपौल के मोहम्मद इजहार को इस सीजन के ऑक्शन में खरीदा था। हालांकि, गंभीर चोट के कारण आकाशदीप इस सीजन के आईपीएल से बाहर हो गए हैं। इस कारण अब बिहार के सिर्फ तीन खिलाड़ी ही आज के आईपीएल मैच में खेलते हुए दिख सकते हैं। रोहतास के आकाशदीप पीठ की गंभीर चोट (लोअर बैक स्ट्रेस रिएक्शन) के कारण तेज गेंदबाज आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह सीजन नहीं खेलेंगे। उनकी जगह सौरभ दुबे को शामिल किया गया है। आकाश दीप रिहैब के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रहेंगे। आकाशदीप को ठीक होने में काम से कम 8 से 12 सप्ताह तक लग सकता है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन आज चौके-छक्के लगाते हुए नजर आएंगे। आज वह आईपीएल में अपना डेब्यू कर सकते हैं। IPL ऑक्शन में सार्थक रंजन को KKR ने 30 लाख में खरीदा है। सार्थक दिल्ली के लिए रणजी खेलते हैं। वे एक ओपनिंग बैट्समैन हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग में सार्थक रंजन ने 9 मैच में करीब 448 रन बना दिए थे।



## स्टेज पर पवन सिंह ने काजल राघवानी को गले लगाया, फूल देकर गाना गाया- सांवर ना गोर बाड़ू हो

**पटना**। खेसारी लाल यादव से ब्रेकअप के बाद काजल राघवानी पवन सिंह के करीब आ गई हैं। काजल राघवानी और पवन सिंह की कमेस्ट्री स्टेज पर दिखी। दोनों ने जमकर डांस किया। इस दौरान पवन सिंह ने काजल राघवानी को स्टेज पर गले भी लगाया। पवन सिंह ने काजल राघवानी के लिए अपना लोकप्रिय गाना "संवार न गोर बाड़ू हो' गाया। इस दौरान पवन सिंह ने इशारों हरियाणी एक्ट्रेस अंजलि राघव पर तंज करते हुए कहा कि, हमलोग एक्टर हैं। हंसते हैं, हंसाते हैं। इसको मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। इस दौरान काजल राघवानी ने पवन सिंह का गाल टच किया। इस पर पवन सिंह कहा कि, अब मैं भी लाइव आऊंगा। दरअसल, भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह शनिवार को अपने नए गाने 'टच बड़ी' के लॉन्च इवेंट में गोरखपुर पहुंचे थे। यह गाना उनकी फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' का हिस्सा है। इस मौके पर हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे और पवन सिंह के साथ जमकर झूमे। इस कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता अदिवि शेष भी मौजूद रहे। स्टेज पर पवन सिंह ने काजल राघवानी का हाथ पकड़कर दर्शकों का अभिवादन किया और उनके साथ डांस भी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने लाइव परफॉर्मेंस देते हुए अपना नया गाना "टच बडी" भी गाया, जिससे फैंस झूम उठे।

## चकसिकंदर रेलवे फाटक 41(C) बंद, अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**हाजीपुर**। वैशाली के चकसिकंदर स्टेशन के समीप स्थित 41(C) रेलवे फाटक कई महीनों से बंद है, जिससे हजारों स्थानीय लोग परेशान हैं। इस समस्या के समाधान और अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। हाजीपुर-बछवाड़ा रेलखंड पर स्थित इस फाटक के बंद होने से रेलवे लाइन के दोनों ओर बसे दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। रेलवे द्वारा दिया गया वैकल्पिक रास्ता न केवल लंबा है, बल्कि सुनसान होने के कारण जान-माल के खतरे से भी भरा है। फाटक के दक्षिण में बांके सिंह महाविद्यालय और उत्तर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, चकसिकंदर बाजार, ग्रामीण बैंक, अस्पताल तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-322 स्थित हैं। इसके बंद होने से छात्र-छात्राओं, किसानों और व्यापारियों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। स्थानीय मुखिया संघ के अध्यक्ष मंजय लाल राय ने रविवार को इस समस्या पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई। इसमें राजापाकड़ प्रखंड और बिदुपुर प्रखंड के किसानों, छात्रों और आम नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने रेलवे फाटक 41(C) पर अंडरपास सड़क निर्माण की मांग की और चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वैकल्पिक रास्ता सुनसान क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहां पहले भी लूटपाट और छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं। इस कारण महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में विशेष रूप से डर और कठिनाई का सामना करना पड़ता है। महान स्वतंत्रता सेनानी अक्षयवट राय छात्रावास सेवा समिति के अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री सह सांसद चिराग पासवान, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक (हाजीपुर), मंडल रेल प्रबंधक (सोनपुर) और स्थानीय विधायकों को पत्र लिखकर फाटक संख्या 41(C) पर अंडरपास सड़क के तत्काल निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया गया है। उन्होंने भी आंदोलन की चेतावनी दी।



## महुआ में पिकअप की टक्कर से पेंटर की मौत, हाजीपुर से लौटते समय बेल्कुण्डा चौक पर हुआ हादसा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में बेल्कुण्डा चौक के पास एक पिकअप की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक पेंटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के मिर्जानगर गांव निवासी परमेश्वर शर्मा के 31 वर्षीय बेटे राकेश कुमार शर्मा के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, राकेश कुमार शर्मा हाजीपुर से अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेल्कुण्डा चौक के पास एक पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी राकेश के परिवार वालों को दी। परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और राकेश को आनन-फानन में हाजीपुर सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन राकेश को जौहरी बाजार स्थित गणपति अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोबारा जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को वापस सदर अस्पताल लाया गया। स्थानीय थाना द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। राकेश कुमार शर्मा अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में एक लड़का और एक लड़की है।



## तीसरे दिन गंगा में डूबी युवती का मिला शव

**हाजीपुर**। वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र स्थित गनियारी गंगा घाट से लापता हुई सोनी कुमारी का शव तीसरे दिन बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ टीम ने यह शव निकाला। सोनी कुमारी 27 मार्च को रामनवमी के दिन गंगा स्नान के दौरान डूब गई थीं। यह घटना 27 मार्च की सुबह करीब 7 बजे हुई थी। सोनी कुमारी गांव की अन्य महिलाओं और युवतियों के साथ गंगा घाट पर स्नान करने आई थीं। स्नान के दौरान 6-7 महिलाएं और युवतियां नदी में डूबने लगीं। स्थानीय लोगों की तत्परता से इनमें से कई महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में कुल तीन युवतियों की मौत हुई थी। अब तक दो युवतियों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में नयागांव बरियारपुर गांव निवासी रिट्ठु राय की 18 वर्षीय बेटी सीमा कुमारी और उनकी दूसरी बेटी सोनी कुमारी शामिल हैं। उपेंद्र राय की बेटी आंचल अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। लापता सोनी कुमारी के पति रौशन कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी घटना से चार दिन पहले मायके आई थीं। सोनी कुमारी चार महीने की गर्भवती थीं और उनका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है।


# सीएम आवास पर जेडीयू नेताओं की बैठक, अनंत सिंह निकले

**एजेंसी, पटना**

- बोले- मैंने मनाने की कोशिश की, नहीं माने, आज एमएलसी से इस्तीफा दे सकते हैं नीतीश

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश 30 मार्च को MLC पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बीच पटना स्थित सीएम आवास पर जेडीयू की अहम बैठक बुलाई गई है। बैठक में मोकामा विधायक अनंत सिंह, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, मंत्री विजय चौधरी समेत कई बड़े नेता पहुंचे हैं। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधायक पद से इस्तीफा देने का कार्यक्रम अचानक टल गया है। वे असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। वे आज विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले थे। इससे पहले राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान गायब रहने वाले कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कुशवाहा मंत्री अशोक चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। कांग्रेस विधायक के जेडीयू में शामिल होने की चर्चा है।

**अनंत सिंह बोले- नीतीश को कहा इस्तीफा नहीं देने, वो नहीं मानेः** अनंत सिंह सीएम से मिलने के बाद तुरंत निकल गए। बाहर आकर उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है। उनको प्रणाम किए हम चल दिए।" कल MLC पद से नीतीश इस्तीफा देंगे के सवाल पर अनंत सिंह ने कहा- "नीतीश कुमार को बहुत मनाने का कोशिश किए कि वो इस्तीफा नहीं दें लेकिन वो नहीं माने।"



**स्पीकर प्रेम कुमार को दिल्ली बुलाया गयाः** विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को भी दिल्ली बुलाया गया है। वो सुबह 10 बजे दिल्ली के लिए निकल गए। प्रेम कुमार शनिवार की रात ही दिल्ली से पटना पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 'दिल्ली में कुछ कार्यक्रम था, जिसके लिए मैं गया था। प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे इस्तीफे की जानकारी दी तो मैं आ गया, लेकिन किसी इमरजेंसी के कारण बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असम रवाना हो गए। अब जल्द ही जो तारीख निर्धारित होगी, उसमें इस्तीफा होगा।' हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। अब वे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत विधायक पद से इस्तीफा देंगे।

बांकीपुर विधानसभा के पिछले 5 बार विधायक रहे हैं। नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद बांकीपुर सीट पर उपचुनाव की संभावना भी बन सकती है, जिस पर राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने जाने के बाद बिहार विधान परिषद के सदस्य (MLC) पद से इस्तीफा देंगे। इस्तीफा देने की आखिरी तारीख 30 मार्च तय है।

# कुरियर से 16 लाख की शराब पटना पहुंची, केमिकल की जगह थी शराब

**एजेंसी, पटना**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करबिगहिया ट्रैफिक पोस्ट के पास से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई है। इस खेप की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 से 16 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार (23 वर्ष) नाम का एक एजेंट भी पकड़ा है, जिससे फिलहाल पूछताछ जारी है।

**पिकअप वैन ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागाः** पुलिस के मुताबिक, शनिवार की रात लगभग 10:49 बजे के करीब एक पिकअप वैन करबिगहिया से गुजर रहा था। पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को देखकर पिकअप वैन का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस की महिला कर्मी संगीता ने पिकअप वैन में रखे कार्टून को देखकर थाने को खबर की। गश्ती गाड़ी पहुंची और पिकअप वैन को थाने लाकर चेक किया गया, जिसमें अलग-अलग कार्टून में लगभग 881 लीटर चंडीगढ़ निर्मित शराब की बोतल पाई गई।

**कुरियर में केमिकल की जगह थी शराबः** पुलिस के मुताबिक कुरियर के जरिए शराब पटना आई है। जिस कंपनी के नाम से कुरियर मंगाया गया है। उसके एक कर्मी को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसने बताया है कि शराब किसकी है, मुझे पता नहीं। कुरियर के जरिए निटको करबिगहिया में कार्टून आया था। जो हाइड्रो केमिकल के नाम पर बुकिंग की थी। एजेंट धर्मेंद्र ने बताया कि पटना सिटी में इसकी डिलीवरी होनी थी। उसने पुलिस के सामने मुख्य तस्कर का नाम भी बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस फिलहाल रेड कर रही है। अभी तक की पूछताछ में कई राज्यों से इसके कनेक्शन सामने आए हैं।




पटना सिटी में होनी थी डिलीवरी, चंडीगढ़-राजस्थान से जुड़ा कनेक्शन

# मैट्रिक में 81.79% छात्र पास दो छात्राएं बनीं स्टेट टॉपर

**एजेंसी, पटना**

बिहार बोर्ड ने रविवार को मैट्रिक यानी 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। जमुई की सिमुलतला आवासीय विद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली की उच्च माध्यमिक विद्यालय चौड़ाही की छात्रा सबरीन परवीन ने टॉप किया है। 98.4% मार्क्स के साथ दोनों छात्रा फर्स्ट रैंक लाई हैं।

बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना ने 489 नंबर लाकर स्टेट में सेकेंड टॉप किया है। जबकि थर्ड टॉपर में दो स्टूडेंट्स हैं। बक्सर की अनूपा कुमारी और बेगूसराय के ओमकार कुमार। इन दोनों को 488 नंबर मिले हैं। इस साल करीब 15 लाख से ज्यादा छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में हिस्सा लिया था, जिनमें से 12 लाख 35 हजार 743 छात्र सफल हुए हैं। यानी 81.79% छात्र पास हुए हैं। जबकि पिछले साल 2025 में यह रिजल्ट 82.11% था। इस बार का रिजल्ट करीब 1% घट गया है।





टॉप-10 में कुल 139 छात्र शामिल हैं। इनमें टॉप-3 में कुल 5 छात्र हैं, जिनमें 3 लड़कियां शामिल हैं। वहीं टॉप-5 में 13 छात्र हैं, जिनमें 7 लड़के शामिल हैं। जबकि रैंक 6 से 10 के बीच 126 छात्र हैं।

**लड़कियों ने फिर मारी बाजीः** छात्राओं का रिजल्ट प्रतिशत छात्रों से बेहतर है। 6 लाख 01 हजार 390 छात्र (48.66%) सफल रहे। वहीं 6,34,353 छात्राओं ने सफलता पाई है, जिनका प्रतिशत 51.33 है। लड़कियां का पासिंग परसेंटेज लड़कों से करीब 3% ज्यादा है। बीते 3 सालों में बिहार बोर्ड मैट्रिक में ये स्टेट टॉपर का सबसे हाइएस्ट मार्क्स है।

# नीट छात्रा को न्याय दिलाने के लिए धरना

**एजेंसी, पटना**

- पीड़िता की मां ने रोते-रोते मांगा इंसाफ, बोली- सीबीआई की जांच पर अब भरोसा नहीं

पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में NEET छात्रा से रेप-मौत मामले को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को गर्दनीबाग धरनास्थल पर पीड़ित परिवार धरने पर बैठ गया। धरने में पीड़िता के माता-पिता, मामा समेत करीब 100 लोग शामिल हुए। इस दौरान पीड़िता की मां ने CBI जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि, 'अब उन्हें जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं रहा। परिवार को ही परेशान किया जा रहा है, मुझे बस अपनी बेटी के लिए इंसाफ चाहिए।' यह कहते ही वह फूट-फूटकर रोने लगीं।

पिता का आरोप- 'टॉर्चर की हद पार' पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि, CBI ने टॉर्चर की अंतिम सीमा पार कर दी है। उन्होंने कहा, 'सीबीआई टॉर्चर की अंतिम सीमा पार कर चुकी है। कंस-दुर्योधन के शासन जैसा सरकार सलूक कर रही है। सरकार और सीबीआई पर भरोसा नहीं रहा। अब सिर्फ न्यायालय से ही न्याय की उम्मीद है।' 3 महीने बाद भी जांच फेल- पुष्कर आनंद धरने में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता पुष्कर आनंद ने कहा कि, 'यह सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे बिहार की महिलाओं की सुरक्षा का मामला है। करीब तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन सभी की जांच फेल साबित हुई है।'



**आंदोलन तेज करने की चेतावनीः** धरना दे रहे लोगों ने कहा कि फिलहाल शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया जा रहा है, लेकिन अगर जांच सही दिशा में नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। धरना स्थल पर भारी संख्या में लोग जुटे रहे और पूरे मामले में जल्द न्याय की मांग की गई।

**दिल्ली CBI टीम को मिली जांच की जिम्मेदारीः** 11 जनवरी 2026 के दिन पटना के शंभू गर्ल्स होस्टल में NEET की छात्रा की मौत हुई। उसके साथ रेप हुआ। FSL की रिपोर्ट में अंडर गारमेंट पर स्पर्म मिला। उसे किसने मारा? पता नहीं। किसने रेप किया? पता नहीं। लड़की के अंडर गारमेंट पर स्पर्म किसका, अब भी पुलिस, SIT, CBI के पास इन सवालों के जवाब नहीं हैं।

पटना पुलिस की जांच पर सवाल उठे तो पूरी केस की फाइल CBI को दे दी गई, लेकिन CBI पटना टीम के अधिकारी भी कुछ खास पता नहीं कर पाए। जब कोर्ट ने फटकार लगाई तो अब जांच CBI की दिल्ली टीम (एंटी करप्शन ब्रांच-2) को सौंपी गई है। बड़ा सवाल यही खड़ा हुआ कि CBI की टीम भी SIT और पटना पुलिस की जांच के इर्द गिर्द ही घूमती रही। उसपर भी परिवार वालों ने दबाव बनाने का आरोप लगाया।

**बिल्डिंग मालिक मनीष रंजन के जमानत का विरोधः** शम्भू गर्ल्स हॉस्टल की बिल्डिंग का मालिक मनीष रंजन इस केस में गिरफ्तार है। उसे पटना पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद ही पकड़ा था। वर्तमान में बेउर जेल में है। इसकी जमानत याचिका पर पटना के पोक्सो कोर्ट में सुनवाई हुई थी। पीड़ित परिवार के वकील एसके पांडेय मनीष को जमानत देने का विरोध कर रहे थे। जांच में कमियां गिना रहे थे। लगातार सुनवाई के बाद कोर्ट ने 16 मार्च को मनीष की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने इस दौरान CBI की जांच में खामियां पाई और कई सवाल उठाए थे।

# पटना में एकतरफा प्यार बना हत्या की वजह, हफ्तेभर से फरार है सिरफिरा आरोपी, तलाश जारी

**एजेंसी, पटना**

पटना के जक्कनपुर इलाके के बंगाली कॉलोनी में बीते 21 मार्च को एक महिला की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई थी। मृतका की पहचान मुन्नी देवी (35 वर्ष) के तौर पर हुई थी, जो मीठापुर पुरानी बस स्टैंड के ठीक सामने सड़क किनारे ठेले पर दुकान चलती थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। आरोपी की संभावित लोकेशन पर पुलिस की लगातार दबिश जारी है। हालांकि, अभी वह फरार है।

**महिला पर किए चाकू से 12 वारः** परिजनों के मुताबिक, मुन्नी देवी शाम 4 बजे के लगभग अपने कमरे में बच्चों के साथ मौजूद थी। इसी बीच राजा नाम का सिरफिरा चाकू लेकर कमरे में घूसा और महिला पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। राजा ने चाकू से 12 वार किए थे। इस हमले मुन्नी बुरी तरह घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया, लेकिन 1 घंटे बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में मुन्नी देवी की 17 साल की नाबालिक बेटी भी जख्मी हो गई थी।

**एकतरफा प्यार में किया हमलाः** परिवार के करीबियों और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतिका मुन्नी देवी के पति बाहर रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। पिछले 8 साल से घर नहीं आए हैं। महिला ठेले पर अंडा वगैरह बेचती थी। वहीं, हमलावर राजा को महिला 8 साल से जानती थी। घटना से 2 महीने पहले तक मृतिका का परिवार और राजा, पटना के जक्कनपुर में किराए के घर में अलग-अलग रूम लेकर रहते थे। मुन्नी को आशंका थी कि राजा की नीयत उसके अलावा नाबालिक बेटी पर भी थी। इसके बाद से मुन्नी ने राजा से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। 2 महीने पहले मुन्नी ने दूसरे जगह पर कमरा लेकर अपनी बेटी के साथ रहने लगी।



मुन्नी ने राजा से टेलिफोनिक बातचीत भी बंद कर दी थी। एक दो बार नए रेंट के मकान में भी राजा ने आने का प्रयास किया था, लेकिन बेटी ने नहीं आने दिया था। घटना से 7 दिन पहले राजा महिला के घर में घुसने की कोशिश कर परेशान कर रहा था। 21 मार्च की शाम में इसी बात से नाराज होकर सिरफिरा राजा चाकू लेकर पहुंचा और मां बेटी पर हमला करना शुरू कर दिया।

**पड़ोस के लड़कों ने अस्पताल में कराया एडमिटः** पड़ोस के लड़के शैलेश कुमार ने बताया कि, 'कॉल करके मुझे पड़ोसी ने बुलाया। उसके बाद हम लोग गोद में उठाकर बाइक से अस्पताल लाये थे। यहां से गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।'

**ट्रेन से भागा उत्तर प्रदेशः** पुलिस सूत्रों की मानें तो जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश की ओर भागा है। उसकी लोकेशन पुलिस लगातार ट्रेस कर रही है। संभावित लोकेशन पर रेड जारी है। टेक्निकल इनपुट के अलावा अन्य माध्यमों से भी उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

# पटना के दलदली रोड में धू-धूकर जली बिल्डिंग

**एजेंसी, पटना**

राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित दलदली रोड में देर रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब प्रेम कुमार नाम के शख्स के मकान में अचानक आग भड़क उठी। आसपास के दुकानदार और घर मालिक अपने-अपने घरों से भागने लगे। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि महज 5 मिनट के भीतर पूरी बिल्डिंग धू-धू कर जलने लगी। तेज लपटों को देख आसपास के दुकानदार और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।



अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि, रात 2:30 बजे के करीब दलदली रोड से खबर मिली कि भीषण आग लगी है। सूचना के आधार पर फौरन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक पूरी बिल्डिंग आज की चपेट में आ गई थी। पतले रास्तों के कारण दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में भी परेशानी हुई। आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। साइड से सीढ़ी लगाकर पानी की बौछार की गई। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# म्यूजिक डायरेक्टर साजिद के भाई को पटना लाई पुलिस

**एजेंसी, पटना**

बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर साजिद-वाजिद के सौतेले भाई सिंगर जावेद शराफत अली खान को पटना पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। उन्हें रविवार को पटना सिविल कोर्ट में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद जावेद के बेटे के साथ साथ भाई म्यूजिक कंपोजर साजिद अली खान पटना पहुंचे हैं।

साजिद ने एक होटल के बंद कमरे में अपने भाई को समझने की कोशिश की और कहा- रुपए वापस कर दो। इस मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साजिद जावेद से बोल रहे हैं- 'तू चार झूठ पहले बोल चुका है तो तेरे पांचवें सच की क्या वैल्यू है'। इस पर पुलिस बोल रही- परेशानी तो सबके जीवन में आती है, लेकिन समय निकालकर सबकुछ देखना पड़ता है।' सूत्रों की माने तो इसके अलावा साजिद होटल के कमरे में पुलिस वालों को कुछ देने के लिए झोले लेकर पहुंचे थे, जिसमें लिफाफे, चॉकलेट और सलमान खान के सिंबल वाले महंगे इत्र थे। जावेद शराफत अली खान पर पटना के डॉक्टर सैयद शाहिद महमूद से लगभग 71 लाख रुपए म्यूजिक कंपोज के नाम पर ठगी करने के आरोप है। साल 2024 में पटना के रहने वाले डॉक्टर ने गांधी मैदान थाने में FIR दर्ज करवाई थी। करीब दो साल जांच-पड़ताल के बाद पटना पुलिस ने उन्हें मुंबई से अरेस्ट किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई है। पीड़ित पक्ष के वकील दिनकर दुबे ने बताया, मेरे क्लाइंट डॉक्टर सैयद शाहिद महमूद बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली के जरिए जावेद शराफत अली के संपर्क में आए थे। उनके कहने पर म्यूजिक कंपोज करने के लिए जावेद शराफत अली से बातचीत की थी।

# क्रूज से कीजिए गंगा में सैर, मरम्मत के तीन महीने बाद फिर शुरू होगा परिचालन

**एजेंसी, पटना**

- 50 रुपए किराया भी घटाया
- सैर की अवधि 45 मिनट से घटाकर 40 मिनट कर दी गई है
- यह क्रूज दीघा के जनार्दन घाट से खुलती है
- यह क्रूज 300 पर्यटकों की क्षमता वाला है

पटना में आज से लोग गंगा में सैर का लुफ्त उठा सकते हैं। आज से रो-पैक्स क्रूज फिर से गंगा में चलेगा। मरम्मत को लेकर करीब तीन महीने के बाद इस क्रूज का परिचालन आज से शुरू होगा। इस पर सफर करने के लिए प्रति व्यक्ति किराया 300 रुपए से घटाकर 250 रुपए कर दिया गया है। हालांकि, सैर की अवधि 45 मिनट से घटाकर 40 मिनट कर दी गई है। यह क्रूज दीघा के जनार्दन घाट से खुलती है। यह क्रूज 300 पर्यटकों की क्षमता वाला है।



**गांधी घाट तक चलाने की तैयारीः** अब इस क्रूज को जल्द ही गांधी घाट तक चलाने की तैयारी है। इससे लोग गंगा में करीब 15 किमी की सैर कर सकेंगे। संचालक द्वारा रूट विस्तार के लिए अप्रैल में पर्यटन निगम, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाएगा। अभी यह दीघा के जनार्दन घाट के आसपास ही चलता था।

**पार्टी के लिए करा सकेंगे बुकः** इस क्रूज में जन्मदिन, शादी की सालगिरह, एंगेजमेंट या अन्य निजी कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए 1 से 8 घंटे तक के अलग-अलग पैकेज हैं। इन पैकेजों का शुल्क 40 हजार से 2.20 लाख तक रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुफ्त मेडिकल कैंप में 200 मरीजों की जांच, सेहरा हॉस्पिटल में लगा शिविर



**बीएनएम @ मोतिहारी**। छतौनी स्थित मठिया जिरात के सेहरा हॉस्पिटल में मुफ्त मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन कर करीब 200 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में दूरदराज से आए लोगों को निःशुल्क जांच और चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर का आयोजन डॉ. तबरेज खान के सहयोग से किया गया, जहां फाइब्रो स्कैन, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन डी3, शुगर, लीवर फंक्शन टेस्ट, ईसीजी, थायराइड, किडनी एवं नसों से संबंधित जांच पूरी तरह मुफ्त में की गई। जांच के बाद मरीजों को रिपोर्ट के आधार पर उचित चिकित्सकीय सलाह भी दी गई। डॉ. तबरेज खान ने बताया कि आर्थिक अभाव के कारण कई लोग महंगी जांच नहीं करा पाते, जिससे लीवर, किडनी और हृदय संबंधी बीमारियां धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती हैं। ऐसे में मुफ्त शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को समय रहते जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे समय पर अपनी बीमारी का इलाज कर सकें और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। शिविर को सफल बनाने में डॉ. जफर आलम, डॉ. शफीकुर रहमान, डॉ. शतीश कुमार, राजीव कुमार और निर्भय कुमार सिंह का अहम योगदान रहा।

### मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर साहिल ने बढ़ाया मान



**बीएनएम @ मोतिहारी**। कोटवा प्रखंड क्षेत्र के करिया पाण्डेय टोला निवासी मनोज सिंह के पुत्र साहिल कुमार सिंह ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर 408 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से उनके विद्यालय यू.एच.एस. मधुबनी, परिवार और पूरे समाज में खुशी का माहौल है। साहिल पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर और समर्पित छात्र हैं। वर्तमान समय में जहां बच्चे विभिन्न गतिविधियों में उलझे रहते हैं, वहीं साहिल का पूरा ध्यान शिक्षा पर केंद्रित रहा है। उनका लक्ष्य बेहतर शिक्षा प्राप्त कर एक अच्छी नौकरी हासिल करना है, ताकि अपने गांव और समाज का मान-सम्मान बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता फैला सकें। विषयवार अंक की बात करें तो उन्होंने हिंदी में 90, संस्कृत में 85, गणित में 67, सामाजिक विज्ञान में 76, विज्ञान में 90 और अंग्रेजी में 41 अंक प्राप्त किए हैं। साहिल की इस सफलता पर परिवारजनों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मैट्रिक परीक्षा में यशवीर कुमार का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 92% अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले के सदर प्रखंड मोतिहारी अंतर्गत पटपरिया गांव के प्रतिभाशाली छात्र यशवीर कुमार ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा रिजल्ट में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में हर्ष एवं गौरव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यशवीर कुमार का अनुक्रमांक 2600139 एवं रोल कोड 55326 है। उन्होंने कुल 459 अंक प्राप्त कर अपनी मेधा और परिश्रम का परिचय दिया है। उनकी इस सफलता को लेकर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यशवीर के पिता सरोज कुमार ठाकुर एवं माता सुमन देवी ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि यशवीर प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा है।यशवीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा नियमित अध्ययन को दिया है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यशवीर की इस उपलब्धि से पटपरिया गांव सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

### शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, भारी मात्रा में शराब बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है तथा कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घोड़ासहन थाना क्षेत्र के भसेरवा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 457 बोतल नेपाली शराब (करीब 137.1 लीटर) बरामद की। हालांकि इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र में समकालीन अभियान के तहत 5 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं चांद मोहन चिमनी के पास से एक मोटरसाइकिल पर रखी 240 बोतल नेपाली शराब (72 लीटर) भी बरामद की गई। ढाका थाना क्षेत्र के बरहरवा शिवन चिमनी के समीप पुलिस ने एक मोटरसाइकिल के साथ 135 बोतल नेपाली शराब (40.50 लीटर) बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

# नयनाभिराम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का समापन

» नामचीन कलाकारों के गीत-नृत्य से भावविभोर हुए दर्शक-श्रोता
» जसौलीपट्टी का योगदान अविस्मरणीय : शालिनी मिश्रा

बीएनएम @ मोतिहारी/कोटवा





**मोतिहारी/कोटवा**। कला, संस्कृति विभाग, बिहार एवं अनुमंडल प्रशासन, सदर के संयुक्त तत्वावधान में बाबू लोमराज सिंह की पावन भूमि जसौलीपट्टी में आयोजित तीन दिवसीय (25 से 27 मार्च) चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का समापन शुक्रवार को भव्य सांस्कृतिक समारोह के साथ संपन्न हो गया। शालिक सिंह मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित समापन समारोह का उद्घाटन केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार तथा सदर एसडीएम निशांत सिहारा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि शालिनी मिश्रा ने चंपारण सत्याग्रह आंदोलन में जसौलीपट्टी और बाबू लोमराज सिंह के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक भूमि पर आयोजित महोत्सव को अगले वर्ष और भव्य स्वरूप देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने महोत्सव के प्रारंभिक इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसे और व्यापक बनाने की बात कही। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने सत्याग्रह सेनानियों के योगदान को नमन करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास का आश्वासन दिया। एसडीएम निशांत सिहारा ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जसौलीपट्टी के ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप इसका विकास किया जाएगा। समारोह में महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कई लोगों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बीडीओ चिरंजीव पांडेय, थानाध्यक्ष करण सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद मोहन बिहारी, कार्यक्रम पदाधिकारी जी. राम जी, ब्रजेश त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार बिन्नू, अभय अनंत तथा मंच संचालन करने वाले आदित्य मानस प्रमुख रहे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें जिले और पटना के नामचीन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। युवा गायिका अदिति झा ने ग़ज़ल 'कल चौदहवीं की चांद थी...' से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने भोजपुरी लोकगीत 'पनिया के जहाज से पलटनिया...' और 'कोयल बिन बगिया ना सोभे राजा...' प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोकप्रिय गायिका वंदना शुक्ला ने 'रघुपति राघव राजा राम...' भजन से माहौल को भक्तिमय बना दिया और पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। गायक ई. गिरीश श्रीवास्तव ने 'ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन...' से शुरुआत कर भोजपुरी गीतों से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। वंदना शुक्ला के साथ उनका युगल गीत 'दिल चुरावे ना आवेला उनका...' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक सत्र के अंत में अक्षत इवेंट इंटरटेनमेंट ग्रुप, पटना के कलाकारों ने कमला पूजा नृत्य, महात्मा गांधी पर आधारित नृत्य-नाटिका और पारंपरिक लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौके पर वरीय संस्कृतिकर्मी संजय कुमार पांडेय, प्रो. डॉ. अमित रंजन (महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय), पूर्व मुखिया कमलेश कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण प्रतिभाओं का कमाल, मैट्रिक में छात्रों ने लहराया परचम

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े मैट्रिक के छात्र-छात्राओं ने इस बार शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सीमित संसाधनों के बावजूद इन छात्रों ने मेहनत और लगन से उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, सपही के छात्र अंकुश कुमार ने 460 अंक (92 प्रतिशत) प्राप्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। वह कवलपुर निवासी ग्रामीण चिकित्सक चंद्रिका सहनी और रिंकू देवी के पुत्र हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है और लोग मिठाइयां बांटकर जश्न मना रहे हैं। अंकुश ने बताया कि वह आगे चलकर आईआईटीयन बनना चाहता है और पटना में प्रसिद्ध शिक्षक खान सर से पढ़ाई करने की इच्छा रखता है। वहीं श्री राजा राम हाई स्कूल की छात्रा नाव्या राज ने 415 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वह शंकर सरैया बनकट निवासी प्रधान शिक्षक वीरेंद्र कुमार और नीतू कुमारी की पुत्री हैं। पिता ने बताया कि नाव्या शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। नाव्या का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। इसी क्रम में तुरकौलिया चौक निवासी संजीव कुमार के पुत्र आदित्य कुमार ने 459 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वह भी श्री राजा राम हाई स्कूल के छात्र हैं। इन सफल छात्रों की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## एमजीसीयू में 'उमंग 3.0–2026' का भव्य समापन, खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव 'उमंग 3.0–2026' का समापन शुक्रवार को बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। 21 फरवरी से 1 मार्च तक चले इस महोत्सव में छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। खेल बोर्ड उपाध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा ने खेलों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और संघर्ष की सीख देते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आर्तत्राण पाल ने कहा कि खेल छात्रों को तनावमुक्त रखते हैं और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। बुद्ध परिसर निदेशक प्रो. रणजीत चौधरी ने स्वास्थ्य को समृद्धि की कुंजी बताया, जबकि प्रो. सपना सुगंधा ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। महोत्सव का उद्घाटन कुलपति एवं सांसद राधा मोहन सिंह ने किया था। विभिन्न खेलों में कुल 871 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट व कबड्डी सहित कई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल बोर्ड व विश्वविद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह महोत्सव छात्रों व कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच प्रदान करने में सफल रहा।

## घोड़ासहन में विकास की रफ्तार तेज, दो पोखरों के जीर्णोद्धार व ऑडिटोरियम-सह-पुस्तकालय निर्माण की पहल

**एनबीपीडीसीएल के सीएसआर फंड से होगा सौंदर्यकरण, डीएम व एमडी ने किया निरीक्षण**

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल तेज हो गई है। उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने रविवार को विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित पोखरा तथा शशि भूषण दास मठ परिसर के पोखरा का अवलोकन किया गया। साथ ही घोड़ासहन बाजार के मध्य प्रस्तावित ऑडिटोरियम-सह-पुस्तकालय निर्माण स्थल का भी जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार, पोस्ट ऑफिस के पास स्थित 150x150 फीट पोखरा के जीर्णोद्धार पर 32 लाख रुपये तथा मठ परिसर स्थित 250x250 फीट पोखरा पर 48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों योजनाएं एनबीपीडीसीएल के सीएसआर मद से संचालित होंगी। इसके तहत जलकुंभी की सफाई, खुदाई, तटबंध निर्माण, पेवर ब्लॉक, सोलर लाइट, कॉमन सैनिटेशन सेंटर, वृक्षारोपण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नेडेफ टैंक का निर्माण किया जाएगा।

**इसके अलावा, प्रस्तावित ऑडिटोरियम-सह-पुस्तकालय** –स्थानीय युवाओं और छात्रों के लिए लाभकारी होगा। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक आयोजन व सरकारी बैठकें आयोजित की जा सकेंगी, जबकि पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक बनेगा। अधिकारियों ने सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शुरू करने और निविदा प्रक्रिया जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ढाका विजय कुमार, डीआरडीए अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद इस्माइल अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अरेराज पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। अरेराज थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक को रोककर एचएचडी मशीन से जांच की गई। जांच में बाइक का चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर मेल नहीं खाया, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने सच्चाई कबूल कर ली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद विपत के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के गोरीगांवा का निवासी है। उसने बताया कि वह किसी अन्य वाहन का नंबर प्लेट लगाकर इस बाइक का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए कर रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बाइक को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

## जन्मदिन पर अनोखी पहल, 8 वर्षीय कुमार मंगलम ने किया पौधरोपण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जहां एक ओर आजकल जन्मदिन मनाने में तड़क-भड़क और दिखावे की होड़ मची है, वहीं शहर के 8 वर्षीय कुमार मंगलम ने अपने जन्मदिन को खास और प्रेरणादायक अंदाज में मनाया। उन्होंने इस अवसर पर आम और महुआ के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुमार मंगलम को बचपन से ही पेड़-पौधों के प्रति गहरा लगाव है। यह प्रेरणा उन्हें अपने पिता मदनाकर कुमार से मिली है, जो स्वयं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित हैं। मंगलम पिछले चार वर्षों से लगातार पौधरोपण कर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कम उम्र में पर्यावरण के प्रति उसकी जागरूकता और समर्पण उसे अन्य बच्चों से अलग बनाता है। आने वाले समय में उसकी यह पहल समाज के लिए और अधिक प्रेरणादायक साबित हो सकती है। मंगलम के पिता मदनाकर कुमार, जो आरोग्य भारती के पर्यावरण प्रमुख हैं, सैकड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं। यह पौधरोपण कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि मंगलम के ननिहाल भवानीपुर जिरात में स्थित एक पुराना आम और महुआ का पेड़, जहां वर्षों से शादी-विवाह की पारंपरिक रस्में निभाई जाती रही हैं, प्रस्तावित मरीन ड्राइव परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाला है। इसी को ध्यान में रखते हुए भवानीपुर जिरात स्थित रोइंग क्लब परिसर में पहले से ही आम और महुआ के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वार्ड संख्या 14 की निगम पार्षद व सशक्त स्थायी समिति सदस्य राधना कुमारी, केदार प्रसाद, सुनील कुमार, रत्ना कुमारी, मुस्कान कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चम्पारण एक्सपो में औद्योगिक विकास पर बलः उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल के आगमन से उद्यमियों में उत्साह

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। चंपारण एक्सपो 2026 के अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सार्थक संवाद देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण आयोजन में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने स्थानीय उद्यमियों में नवीन ऊर्जा का संचार किया। प्रख्यात उद्योगपति यमुना कुमार सीकरीया ने मंत्री के आगमन पर उनका अभिनंदन करते हुए बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने हेतु विविध रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मंत्री के इस प्रकार के प्रत्यक्ष संवाद और सहभागिता से उद्योग जगत का मनोबल उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ होता है। उन्होंने आगे विश्वास व्यक्त किया कि बिहार सरकार की दूरदर्शी नीतियाँ और योजनाएँ राज्य को भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर सकती हैं। इस संदर्भ में उन्होंने "लोकल फॉर वोकल" की अवधारणा को व्यावहारिक रूप देने का सुझाव देते हुए प्रत्येक जिले में विशिष्ट स्थानीय बाजार विकसित करने पर बल दिया, जहाँ केवल स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों का विक्रय सुनिश्चित किया जाए। कहा कि यह पहल न केवल क्षेत्रीय कारीगरों एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करेगी, अपितु आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। चंपारण एक्सपो 2026 इस प्रकार उद्योग, नवाचार और नीतिगत संवाद का एक प्रभावशाली मंच बनकर उभरा, जिसने बिहार के औद्योगिक भविष्य के प्रति आशावाद को और अधिक प्रगाढ़ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में चार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, केसरिया थाना कांड संख्या 548/25 में दर्ज मामले में छापेमारी कर पप्पू सिंह, अरविंद सिंह, उमा सिंह (सभी पिता- राजेश्वर सिंह) तथा नेहगल सिंह (पिता- उमा सिंह), सभी निवासी सागर चूरामन, थाना केसरिया को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### सूखा नशा के खिलाफ कार्रवाई तेज, देशी कट्टा सहित तीन गिरफ्तार

**दो थाना क्षेत्रों में छापेमारी, गांजा व अन्य मादक पदार्थ बरामद**

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में सूखा नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान देशी कट्टा, कारतूस और मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। पहली कार्रवाई केसरिया थाना क्षेत्र में बच्चा प्रसाद सिंह कॉलेज के समीप की गई। पुलिस ने अवधेश सिंह की भुजा एवं चाय दुकान में छापेमारी कर एक देशी कट्टा, एक कारतूस, एक लोहे का दाव तथा करीब 1.78 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया। इस दौरान एक महिला समेत अवधेश बौद्ध (पिता- विक्रम साह, निवासी- सुंदरापुर, थाना- बीजधरी) को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के सलहा चौक स्थित एक पान/किराना दुकान में हुई। यहां से पुलिस ने 28 पुड़िया में 28 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ एवं 39 'गोगो' बरामद किया। इस मामले में दुकानदार देवेंद्र कुमार (पिता- लक्ष्मण साह, निवासी- सलहा, थाना- गोविन्दगंज) को गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में संबंधित थानों में कांड दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### केसरिया व गोविन्दगंज में पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी, अवैध हथियार व मादक पदार्थ बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने केसरिया और गोविन्दगंज थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने देशी कट्टा, कारतूस तथा भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। केसरिया थाना क्षेत्र में बच्चा प्रसाद सिंह कॉलेज के समीप स्थित एक भुजा एवं चाय दुकान में छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक कारतूस, एक लोहे का दाव तथा करीब 1.78 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया। इस कार्रवाई में एक महिला समेत अवधेश बौद्ध (पिता-विक्रम साह, निवासी-सुंदरापुर, थाना-बीजधरी) को गिरफ्तार किया गया। वहीं गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के सलहा चौक स्थित एक पान एवं किराना दुकान में पुलिस ने छापेमारी कर 28 पुड़िया में 28 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ तथा 39 'गोगो' बरामद किया। इस मामले में दुकानदार देवेंद्र कुमार (पिता-लक्ष्मण साह, निवासी-सलहा, थाना-गोविन्दगंज) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छौड़ादानो में बड़ी कार्रवाई, 840 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**पुलिस-एसएसबी की संयुक्त छापेमारी, पिकअप वाहन जब्त**

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र में नशीली दवाइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 840 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर कथनौतिया मोड़ के समीप एक पिकअप वाहन की जांच की गई, जिसमें से कुल 840 बोतल (करीब 84 लीटर) कोरेक्स कफ सिरप बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जन्मेजय कुमार मिश्रा (पिता- ओम प्रकाश मिश्रा, निवासी- मिश्रौली गोयाता टोला, थाना- शनिचरी, जिला- पूर्वी चंपारण) तथा रमेश प्रसाद यादव (पिता- स्व. कमल प्रसाद यादव, निवासी- जमुनिया, थाना- कवई गोठ, जिला- बारा, नेपाल) के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशीली दवाइयों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कंबोडिया से आए 40 बौद्ध श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**बीएनएम @ बिहारशरीफः** कंबोडिया से आए 40 बौद्ध श्रद्धालुओं का एक दल रविवार को एक दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर ऐतिहासिक नगरी राजगीर पहुंचा। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। राजगीर आगमन के पश्चात दल ने सबसे पहले वेणुवन का रुख किया, जहाँ भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शांति और भक्ति से सराबोर वातावरण में श्रद्धालुओं ने काफी देर तक ध्यान लगाया और भगवान बुद्ध के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की।वेणुवन के उपरांत, कंबोडियाई दल ने गृद्धकूट पर्वत, विश्व शांति स्तूप, मनियार मठ और सोन भंडार जैसे प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। सोम्नांग, रथाना, पीसेथ सोफिया और स्रेयनिच समेत अन्य श्रद्धालुओं ने राजगीर की प्राकृतिक सुंदरता और यहाँ की समृद्ध विरासत की मुक्त कंठ से सराहना की। श्रद्धालुओं ने साझा किया कि यह दौरा उनके लिए मात्र पर्यटन नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक अनुभव रहा, जिससे उन्हें असीम मानसिक शांति मिली है।

### ताला तोड़कर 30 लाख के गहने ले उड़े चोर

**बीएनएम @ बिहारशरीफः** दीपनगर थाना क्षेत्र के गोलापुर गांव में चोरों ने एक बड़ी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए दो सरकारी अधिकारियों के बंद घर को अपना निशाना बनाया। रेलवे में कार्यरत राजीव कुमार और उद्योग विभाग के अविनाश कुमार के सूने घर से चोरों ने करीब 30 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और डेढ़ लाख नगद पार कर दिए।दोनों भाई नौकरी के सिलसिले में बाहर थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और इत्मीनान से पूरे घर को खंगाला। ग्रामीणों को घर का सारा सामान बिखरा हुआ और जेवरों के खाली डिब्बे मिले। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और थानाध्यक्ष राजमणि ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर की चपेट में आई महिला, मौत

**बीएनएम @गया जी :** गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र स्थित इटवा फील्ड के पास रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पड़री गांव निवासी भुनेश्वर मांझी की पत्नी जमोत्तरी देवी के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमोत्तरी देवी अपने पति को ईंट भट्ठे पर खाना देकर घर लौट रही थीं, तभी ईंट लदे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गया के मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने मौके पर पहुँचकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्यार, प्रतिशोध और हैवानियतः 4 साल की अंशिका हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा

» 'दीदी' बनकर भरोसा जीतने वाली युवती ही निकली कातिल, तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

बीएनएम @ सिकरहना/चिरैया @ श्रीनिवास कुमार



**सिकरहना/चिरैया।** चिरैया थाना क्षेत्र के हीरापट्टी गांव में 4 वर्षीय मासूम अंशिका कुमारी की निर्मम हत्या मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय शिल्पी कुमारी को गिरफ्तार किया है, जिसे गांव के लोग 'दीदी' के रूप में जानते थे। जानकारी के अनुसार, 20 मार्च को अंशिका अपने घर के बाहर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की, लेकिन 22 मार्च को गांव के समीप खेत से बच्ची का गला कटा शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। जांच के दौरान एक वायरल ऑडियो क्लिप पुलिस के लिए अहम सुराग बना। तकनीकी जांच में पता चला कि ऑडियो एक मोबाइल नंबर से वायरल हुआ था, जिसमें दूसरे नंबर से इंटरनेट साझा किया गया था। इसी आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची और शिल्पी कुमारी की पहचान हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। इसको लेकर हुए विवाद और अपमान के कारण उसके मन में प्रतिशोध की भावना पैदा हुई। उसे शक था कि बच्ची की मां उसके खिलाफ शिकायत करती है, इसी वजह से उसने अंशिका को निशाना बनाया। घटना के दिन आरोपी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया और घर के पीछे ले जाकर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाकर अगले दिन खेत में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सने कपड़े और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। इस जटिल मामले का उद्भेदन तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर किया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में गठित टीम, जिसमें डीएसपी उदय शंकर और चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार शामिल थे, ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि मामले में शामिल टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## पताही सीएचसी में बोलेरो वाहन की आवश्यकता, आवेदन आमंत्रित




बीएनएम @ पताही

» सरकारी कार्यक्रमों के संचालन हेतु निजी वाहन स्वामियों से मांगे गए आवेदन

**पताही।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पताही में संचालित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए बोलेरो वाहन की आवश्यकता जताई गई है। इसको लेकर इच्छुक वाहन स्वामियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, वाहन मद की राशि मिलने में अक्सर विलंब होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत निजी वाहन की आवश्यकता महसूस की गई है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों ने वाहन उपलब्ध कराने के इच्छुक लोगों से आवश्यक कागजात के साथ आवेदन करने की अपील की है। इच्छुक वाहन स्वामी अपने वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति 31 मार्च तक ईमेल chcpatahi@gmail.com पर भेज सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद आवश्यकतानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे कार्यक्रमों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## बसवारी में फंदे से लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल।** प्रखंड क्षेत्र के पंटोका पंचायत अंतर्गत भरतमही गांव के सरेह स्थित बसवारी में रविवार सुबह एक युवक का शव बांस के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान एकडेरवा निवासी पुनदेव दास के पुत्र जय दास के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुबह ग्रामीण जब दैनिक क्रिया के लिए बसवारी की ओर गए, तभी उनकी नजर पेड़ से फंदे के सहारे लटके युवक पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही गांव में दहशत फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर शव को नीचे उतरवाया और अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई। प्राथमिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है, लेकिन फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शोक और भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।

## बिहार बोर्ड में अभिनंदन कुमार ने लहराया परचम, जिला में आठवां स्थान

बीएनएम @ पकड़ीदयाल



**पकड़ीदयाल।** प्रखंड क्षेत्र के सिरहा निवासी जय नारायण प्रसाद जायसवाल के पुत्र अभिनंदन कुमार ने बिहार बोर्ड परीक्षा में 477 अंक प्राप्त कर जिला में आठवां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभिनंदन ने विशेष रूप से गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी सफलता पर दादी, माता-पिता, भाई-बहन और परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिनंदन ने बताया कि वह प्रतिदिन 10 से 12 घंटे घर पर पढ़ाई करता था। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने शिक्षकों और परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि पिता का मार्गदर्शन, चाचा संदीप कुमार एवं अंकित कुमार का सहयोग और मां संगीता देवी का प्रोत्साहन उनकी सफलता में अहम रहा है। उन्होंने अपनी पढ़ाई गांव के सरकारी विद्यालय के साथ-साथ टॉपर्स प्वाइंट कोचिंग संस्थान में की, जहां शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन मिला। अभिनंदन आगे गणित विषय से पढ़ाई कर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना चाहता है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री सह मधुबन विधायक राणा रंधीर सिंह, एसडीओ मंगला कुमारी, डीएसपी कुमार चंदन सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## भारत–नेपाल आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई देने की पहल, बीरगंज में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

» व्यापार विस्तार, निवेश और बुनियादी ढांचे पर हुई सार्थक चर्चा

बीएनएम @ रक्सौल




**रक्सौल।** भारत और नेपाल के बीच आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बीरगंज (नेपाल) में एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज तथा बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महावाणिज्यदूत डी.एस. मीणा ने भारत–नेपाल के ऐतिहासिक और मजबूत संबंधों को और आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें मिलकर और बेहतर तरीके से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा एकीकृत जांच चौकी, सूखा बंदरगाह, रेलवे सेवा और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाली व्यवसायी भारतीय उद्योगपतियों के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं का लाभ उठा सकते हैं। संगोष्ठी में स्टार्टअप, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, पर्यटन और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त निवेश और नए उद्यम स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष माधव राजपाल, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी, उद्योग प्रतिनिधि मनीष कुमार, नेपाली उद्योगपति अशोक वैद्य, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश शर्मा तथा उद्यमी रिपु रमन सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने सीमा पार व्यापार में आने वाली चुनौतियों, समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की तथा आपसी सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई। आयोजकों ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना तथा नए व्यापारिक अवसरों की तलाश करना है। कार्यक्रम के अंत में महावाणिज्यदूत ने द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## 50 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** बीजधरी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजय कुमार, पिता लखींद्र राय, निवासी कड़ान, थाना केसरिया, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 50 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। साथ ही एक हीरो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है, जिसका उपयोग शराब तस्करी में किया जा रहा था। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान उक्त कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## 90 प्रतिशत अधिकारी सेक्स रैकेट में शामिल—पप्पू यादव

**बेरोजगारी पेंशन बंद कर 'सेक्स पेंशन' शुरू करने की मांग**

बीएनएम @ पटना/पूर्णिया



**पटना/पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के एक बेहद विवादित बयान ने देश के राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने केंद्र सरकार से बेरोजगारी पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद कर 'सेक्स पेंशन' शुरू करने की अजीबो-गरीब मांग की है, जिसे लेकर चारों ओर तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं। पप्पू यादव ने बेहद गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाते हुए दावा किया कि देश के "90 प्रतिशत नेता और अधिकारी सेक्स रैकेट में लिप्त हैं।" उन्होंने गोवा का उदाहरण देते हुए एक कथित वीडियो का जिक्र किया, जिसमें एक मंत्री की संलिप्तता की बात कही जा रही है। साथ ही, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित जेफरी एपस्टीन के मामले की तुलना देश की वर्तमान स्थितियों से की।सांसद ने बच्चियों की सुरक्षा को एक गंभीर राष्ट्रीय मुद्दा बताते हुए कहा कि अब देश में इसके खिलाफ एक "बड़ी क्रांति" की आवश्यकता है। उनके अनुसार, अब समय आ गया है कि बच्चियों को "नेताओं और अधिकारियों के चंगुल से बचाने" पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने दिल्ली में रसोई गैस की भारी किल्लत का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि आम जनता को सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। पप्पू यादव के इस बयान को विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा बेहद आपत्तिजनक और असंवेदनशील माना जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## अगले 5 साल तक चलेगा बदलाव का मिशनः प्रशांत किशोर

**जुलाई से शुरू होगा राज्यव्यापी सदस्यता अभियान, संगठन के पुनर्गठन पर जोर**

बीएनएम @ पटना/बांका



**पटना/बांका।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को बांका जिले में 'बिहार नवनिर्माण अभियान' के तहत संगठन की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। सर्किट हाउस के पास स्थित होटल मधुवन विहार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि अप्रैल, मई और जून के महीनों में पूरे बिहार में संगठन का व्यापक स्तर पर पुनर्गठन किया जाएगा, जिसके बाद जुलाई से एक बड़ा राज्यव्यापी सदस्यता अभियान शुरू होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और 'बदलाव के संकल्प' को जन-जन तक पहुंचाएं।प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि 'बिहार नवनिर्माण अभियान' केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह अगले पांच वर्षों तक चलने वाला राज्य के विकास और आमूलचूल परिवर्तन का एक मिशन है। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद भितिहरवा गांधी आश्रम में किए गए एक दिवसीय उपवास का स्मरण कराते हुए कहा कि पार्टी ने नई सरकार को अपने वादों को पूरा करने के लिए छह महीने का समय दिया था। अब समय आ गया है कि संगठन को जमीनी स्तर पर इतना सशक्त बनाया जाए कि जनता के बुनियादी मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जन सुराज बिहार की राजनीति में एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प बनकर उभरेगा।

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।

नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया।

पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।

बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

# प्रसन्नता का वैश्विक संकल्प और भारतीय संदर्भ



ललित गर्ग

(अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस- 20 मार्च, 2026)

मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है-धन, वैभव, पद या प्रतिष्ठा। इन सबके पार जाकर यदि कोई तत्व जीवन को वास्तविक अर्थ देता है तो वह है खुशी। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया और 2013 से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि एक वैश्विक चेतना का विस्तार है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है और उसके बिना विकास अधूरा है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें है', जो हमें यह संदेश देती है कि खुशी का वास्तविक अर्थ केवल व्यक्तिगत संतोष नहीं, बल्कि सामूहिक आनंद और सामाजिक जुड़ाव में निहित है। पिछले वर्षों में "साथ मिलकर खुश रहना" और "खुशी बाँटना" शामिल थे, जो लोगों को दयालुता और मित्रता के माध्यम से खुशियां फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। 2026 का विषय है "देखभाल और साझा करना" जो इस बात पर ज़ोर देता है कि स्थायी खुशी एक-दूसरे की देखभाल करने, जुड़ाव महसूस करने और एक समुदाय का हिस्सा होने से मिलती है।

विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह आंकड़ा पहली दृष्टि में चिंताजनक लगता है, लेकिन इसके पीछे की वास्तविकताओं को समझना भी आवश्यक है। भारत जैसा विशाल, बहुविधताओं से भरा और अनेक चुनौतियों से जूझता देश, जिसकी जनसंख्या विश्व में शीर्ष पर है, उसकी तुलना छोटे और कम जटिल देशों से करना कितना उचित है, यह विचारणीय है। जिन देशों को शीर्ष पर रखा गया है, वहां आबादी कम है, सामाजिक संघर्ष सीमित हैं और प्रशासनिक समस्याएं अपेक्षाकृत सरल हैं। इसके विपरीत भारत में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, असमानता और क्षेत्रीय विषमताओं जैसी जटिल समस्याएं हैं, जिनसे निपटना एक बड़ा दायित्व है। फिर भी भारत ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। लगभग 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना, डिजिटल क्रांति के माध्यम से आम नागरिक का सशक्त होना, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका, ये सभी उपलब्धियां इस बात का संकेत हैं कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की सराहना कर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या केवल आय, सामाजिक सुरक्षा और जीवन प्रत्याशा जैसे संकेतकों के आधार पर ही खुशी को मापा जाना उचित है? क्या सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक संबंधों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को नजरअंदाज कर देना न्यायसंगत है?

भारतीय संस्कृति में खुशी का अर्थ बाहरी संसाधनों से अधिक आंतरिक संतोष से जुड़ा है। यहां 'संतोष परम सुखम्' का सिद्धांत जीवन का आधार रहा है। भारतीय दर्शन यह सिखाता है कि इच्छाओं की असीमित पूर्ति नहीं, बल्कि इच्छाओं का संयम और आत्मनियंत्रण ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग है। आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में हमने खुशी को वस्तुओं और सुविधाओं से जोड़ दिया है। नई वस्तु मिलने पर क्षणिक प्रसन्नता अवश्य मिलती है, लेकिन वह जल्दी ही समाप्त हो जाती है और उसके स्थान पर नई इच्छाएं जन्म ले लेती हैं। इस प्रकार व्यक्ति एक अंतहीन दौड़ में उलझ जाता है, जहां संतोष का कोई ठहराव नहीं होता। खुशी का वास्तविक पैमाना यह नहीं है कि हमारे पास कितना है, बल्कि यह है कि हम जो कुछ है, उसमें कितना संतुष्ट और कृतज्ञ हैं। एक प्रसन्न समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और आशावान महसूस करें। आर्थिक अवसरों की समानताएं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलताएं सामाजिक संबंधों की मजबूती और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा-ये सभी तत्व मिलकर खुशहाली का आधार बनाते हैं। यदि आम नागरिक को अपने प्रयासों का उचित प्रतिफल मिले और उसे जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो, तो उसकी प्रसन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। आज के समय में बढ़ती नकारात्मकता, तनाव और अकेलापन खुशी के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरे हैं। कई लोग भौतिक रूप से समृद्ध होते हुए भी मानसिक रूप से थके हुए, निराश और ऊर्जा विहीन महसूस करते हैं। वे पर्याप्त विश्राम के बावजूद थकान का अनुभव करते हैं, कार्य के प्रति उत्साह खो देते हैं और जीवन में उद्देश्यहीनता महसूस करते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी है कि विकास के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें' हमें यह सिखाती है कि खुशी का सबसे बड़ा स्रोत हमारे संबंध हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों के साथ साझा की गई हंसी, समाज के लिए किया गया सेवा कार्य और किसी जरूरतमंद की सहायता-ये सभी अनुभव हमें भीतर से समृद्ध करते हैं। जब हम दूसरों की खुशी का कारण बनते हैं, तो हमारी अपनी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका अस्तित्व संबंधों के बिना अधूरा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने संबंधों को मजबूत करें, संवाद बढ़ाएं और सामूहिकता की भावना को पुनर्जीवित करें।

खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गरीबी, भूख, कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता जैसी चुनौतियों का समाधान किए बिना व्यापक खुशहाली संभव नहीं है। सरकार को नीतियों और योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी आवश्यक है ताकि नागरिकों का विश्वास मजबूत हो सके। जब शासन निस्वार्थ भाव से कार्य करता है तभी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही समाज और नागरिकों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि हम भ्रष्टाचार, अनैतिकता और अपराध के खिलाफ जागरूकता नहीं फैलाएंगे तो खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा। बुराइयों से मुक्ति तभी संभव है जब उनके दुष्परिणामों का सही ज्ञान हो और अच्छाइयों को अपनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। नैतिकता, ईमानदारी और सेवा भाव को जीवन में स्थान देना ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त करता है। हर व्यक्ति की खुशी की परिभाषा अलग होती है, लेकिन कुछ सार्वभौमिक सिद्धांत ऐसे हैं जो सभी के जीवन में प्रसन्नता ला सकते हैं। कृतज्ञता का भाव विकसित करना, सकारात्मक सोच अपनाना, अपने संबंधों को समय देना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, दूसरों की सहायता करना और जीवन के छोटे-छोटे क्षणों का आनंद लेना-ये सभी सरल उपाय हैं लेकिन इनका प्रभाव अत्यंत गहरा होता है। मुस्कुराना और हंसना न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार भी करता है।

अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि खुशी कोई बाहरी वस्तु नहीं है, जिसे हम प्राप्त कर लें, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जिसे हमें विकसित करना होता है। यह एक यात्रा है, जिसमें हमें अपने विचारों, व्यवहार और संबंधों को संतुलित रखना होता है। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की गलतियों से सीखें, वर्तमान को सजगता से जिएं और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। यदि हम अपने आसपास के लोगों में भी सकारात्मकता और आशा का संचार कर सकें, तो यह एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत होगी। इसके लिये जरूरी है कि हम इस अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस पर यह संकल्प लें कि हम केवल अपनी खुशी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की खुशी का भी कारण बनेंगे। जब हम एक साथ खुश रहने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, तभी एक सशक्त, समरस, शांतिपूर्ण और खुशहाल समाज का निर्माण संभव होगा। यही इस दिवस का सार है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# गौरैया : आंगन की चिरैया, प्रकृति की संवेदना

सुनील कुमार महला

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता(बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना था, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।

एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है।



बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी(रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी लाल सूची(रेड-लिस्ट) में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है।

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। यहां पाठकों के साथ एक दिलचस्प तथ्य शेयर करना चाहूंगा कि वर्ष 1958 में चीन में चार कीट अभियान(फोर पेस्ट्स कैंपेन) के दौरान गौरैया को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप टिड्डों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई और वहां भीषण अकाल पड़ा। चीन की यह घटना गौरैया के पारिस्थितिक महत्व को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है। उल्लेखनीय है कि गौरैया को 'पर्यावरण का थर्मामीटर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी उपस्थिति किसी क्षेत्र के स्वस्थ पर्यावरण का संकेत देती है। यह अत्यंत संवेदनशील पक्षी है और सूक्ष्म धूल कणों से उत्पन्न ऑक्सीडेटिव तनाव से प्रभावित होता है। साथ ही, सामान्य मैना जैसे पक्षियों से प्रतिस्पर्धा भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण है। यह पक्षी सामाजिक संकेतों के माध्यम से अपने साथियों को खतरे की सूचना देता है, धूल में नहाकर परजीवियों से स्वयं को सुरक्षित रखता है तथा कम पानी में भी जीवित रह सकता है। इसकी हृदय गति लगभग 460 से 600 प्रति मिनट तक होती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार मानव और गौरैया का संबंध लगभग 10,000 वर्ष पुराना है, जो सह-अस्तित्व और पारिस्थितिक संतुलन का प्रतीक है। इतना ही नहीं, गौरैया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यधिक रहा है। भारतीय लोकजीवन में इसे परिवार के सदस्य की तरह स्नेह और अपनापन मिला है। वर्तमान में पक्षी-मित्र आवास, कृत्रिम घोंसले तथा गौरैया पर्यटन जैसी पहलें सकारात्मक संकेत दे रही हैं। हर साल इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और वर्ष 2025 की थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को सम्मान' थी, जबकि वर्ष 2026 की थीम 'गौरैयाः हमारे पड़ोसी, जिन्हें आवश्यकता है' रखी गई है, जो मानव और प्रकृति के बीच संबंधों को पुनर्स्थापित करने का संदेश देती है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार में तनाव लेने की जरूरत नहीं है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे और जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ पुरानी परिस्थितियों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका मन राजनीतिक और सामाजिक कार्यों की तरफ अधिक रहेगा। राजनितिक मामले में आज सुखद यात्रा के योग बन रहे हैं। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होगें उनसे फायदा भी मिल सकता है। आपका नए वाहन का खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातें को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही बीमारी से आपको छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए अपने मन में प्रतिशोध की भावना न रखें।

**कन्या राशि-**आज का दिन जीवन में एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करें। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

**तुला राशि-** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है , महत्वपूर्ण परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपसे मदद मांगेंगे। आपके सामाजिक योगदान संबंधी कार्यों के लिए आपको सम्मानित किया जाएगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रो को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। घर के जरूरी दस्तावेजों का खास ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बढ़िया मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारिफ करेंगे। आज आप सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे भी आप पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं जहां आपको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे साथी बड़ी डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनको आज अच्छे ग्राहक मिलेगे।

**कुंभ राशि-**आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रैवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है।

**मीन राशि-** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेटस आज साथ में अधिक समय बितायेंगे और साथ ही डिनर प्लान कर सकते हैं। आज आपका रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी।

# रमजान की रात में गूंजती मौत की चीखें काबुल का अस्पताल बना कब्रिस्तान और इंसानियत हुई शर्मसार



कांतिलाल मांडोत

काबुल की उस रात को शायद ही कोई भूल पाएगा जब आसमान से बरसती आग ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। रमजान का पवित्र महीना चल रहा था जब लोग इबादत और सब्र के साथ अपने दिन गुजार रहे थे। उसी समय अचानक लड़ाकू विमानों की गूंज ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया। कुछ ही पलों में जोरदार धमाकों ने एक बड़े नशा मुक्ति अस्पताल को मलबे में बदल दिया। जहां जिंदगी को बचाने की कोशिशें होती थीं वहीं अब मौत का सन्नाटा पसरा हुआ था। यह घटना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ एक गहरी चोट बनकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस हमले में सैकड़ों बेगुनाह लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। अस्पताल में उस समय हजारों मरीज मौजूद थे जो अपने जीवन को सुधारने की उम्मीद लेकर वहां आए थे। लेकिन किसे पता था कि वही जगह उनकी आखिरी मंजिल बन जाएगी। घायल लोगों की चीखें मलबे में दबे लोगों की मदद की पुकार और चारों तरफ फैली तबाही ने इस घटना को और भी भयावह बना दिया। यह दृश्य किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं था। तालिबान सरकार ने इस हमले को नरसंहार करार दिया है और कहा है कि यह सीधा हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर है। उनके अनुसार यह हमला किसी भी मानवीय सिद्धांत के खिलाफ है और इसका जवाब दिया जाएगा। तालिबान के प्रवक्ता ने साफ शब्दों में कहा कि अब बातचीत और कूटनीति का समय खत्म हो चुका है। यह बयान इस बात की ओर इशारा करता है कि आने वाले समय में क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं तब संघर्ष और भी गहरा हो जाता है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनका निशाना केवल आतंकवादी ठिकाने थे। उनका दावा है कि उन्होंने उन स्थानों पर हमला किया जहां से उनके खिलाफ गतिविधियां संचालित हो रही थीं। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि ऐसा था तो फिर एक अस्पताल कैसे निशाने पर आ गया। क्या यह खुफिया जानकारी की विफलता थी या फिर एक गंभीर लापरवाही। इन सवालों का जवाब अभी तक साफ नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा पीड़ा उन परिवारों को झेलनी पड़ रही है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोग अपने घर के कमाने वाले सदस्य को खो चुके हैं तो कई बच्चों के सिर से माता पिता का साया उठ गया है। मलबे में बिखरी दवाइयां टूटे हुए बिस्तर और जले हुए कपड़े इस बात के गवाह हैं कि यहां कभी जिंदगी बचाने की कोशिशें होती थीं। अब वही जगह मौत की कहानी सुना रही है। भारत ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे कायरतापूर्ण बताया है। भारत का कहना है कि निहत्थे नागरिकों पर हमला किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए जांच की बात कही है। यह स्पष्ट है कि यह घटना केवल दो देशों के बीच का मामला नहीं रही बल्कि अब वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है। इतिहास गवाह है कि युद्धों में भी कुछ नियम और मर्यादाएं होती थीं। अस्पतालों को हमेशा सुरक्षित स्थान माना जाता था। वहां घायल सैनिकों और आम नागरिकों का इलाज किया जाता था और उन्हें किसी भी हमले से बचाया जाता था। लेकिन आज के समय में यह मर्यादाएं टूटती नजर आ रही हैं। जब अस्पताल जैसे स्थान भी सुरक्षित नहीं रह जाते तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर युद्ध और आतंक के बीच की रेखा कहां रह गई है। इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम तकनीकी और सैन्य ताकत के घमंड में मानवता को भूलते जा रहे हैं। जब निर्दोष लोगों की जान जाती है तब कोई भी जीत असली जीत नहीं होती। यह केवल हार होती है इंसानियत की और नैतिक मूल्यों की। दुनिया को यह समझना होगा कि हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकता। तालिबान द्वारा बदले की बात कहना भी चिंता का विषय है। यदि बदले की भावना हावी होती है तो यह संघर्ष और भी भयानक रूप ले सकता है। इसका असर केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता पर पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय आगे आए और इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करे। इस हमले ने उन सभी लोगों के दिलों को झकझोर दिया है जो मानवता में विश्वास रखते हैं। एक अस्पताल का कब्रिस्तान में बदल जाना केवल एक घटना नहीं बल्कि एक चेतावनी है। यह चेतावनी है कि यदि हम समय रहते नहीं संभले तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला

एजेंसी, गुवाहाटी




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को पांच बार की विजेता रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। रॉयल्स की कप्तानी युवा रियान पराग करेंगे। वहीं सीएसके की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ के पास है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के सीएसके जाने के बाद पराग को कप्तानी दी गयी है। वहीं सीएसके नये नेतृत्व के तहत ही रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेंगी। इस मैच में दोनो ही टीमों में शामिल कुछ स्टार खिलाड़ी अपनी ही पुरानी टीमों से टकराते दिखें। लंबे समय तक रॉयल्स में रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस बार सीएसके की ओर से खेलेंगे जबकि सीएसके के रविन्द्र जडेजा रॉयल्स की ओर से उतरेंगे। ऐसे में दोनों ही टीमों का रोमांचक मुकाबला होगा। सीएसके को सैमसन के आने से एक अच्छा बल्लेबाज और विकेट कीपर मिलेगा। वहीं जडेजा के आने से रॉयल्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी बेहतर होगी। सामने अपनी पुरानी टीमों को चुनौती देने की बारी होगी। सैमसन ने हाल में टी20 विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनके फार्म में होने का लाभ सीएसके को मिलेगा। वह सीएसके टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी शुरु करेंगे। सैमसन के पास लंबी पारी खेलने का अनुभव है जिसका लाभ सीएसके को मिलेगा। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। ऐसे में सैमसन को उनकी कमी पूरी करनी होगी। धोनी के बार होने से बायें हाथ के युवा स्पिन ऑलराउंडर प्रशांत वीर को टीम में अवसर मिल सकता है। इसके अलावा युवा कार्तिक शर्मा पर भी सबकी नजरें रहेंगी। कार्तिक तेजी से खेलने के लिए जोन जाते हैं। सीएसके के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है। युव बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस अब पहले से बेहतर हो चले हैं। वहीं शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। वहीं सीएसएस की गेंदबाजी कुछ कमजोर नजर आती है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद के पास रहेगी।

वहीं रॉयल्स की बात करें तो जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। टीम की बल्लेबाजी की कमान यशस्वी जायसवाल के पास रहेगी। टीम में युवा वैभव सूर्यवंशी भी नये रिकार्ड बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर के होने से भी टीम को लाभ मिलेगा। रॉयल्स की गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर के अलावा कोई भी ऐसा गेंदबाज नहीं है जो विशेष हो। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं पर वह बेहतर गेंदबाज शामिल नहीं कर पायी है। स्पिन गेंदबाजी की कमान जडेजा और रवि बिश्नोई के पास रहेगी।

**टीमें ही टीमें इस प्रकार हैं**

**राजस्थान रॉयल्सः** रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

# विराट में अब भी किसी युवा बल्लेबाज जैसी रनों की भूख देखकर होती है हैरानी : अश्विन

एजेंसी, बेंगलुरु

दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेली पारी की जमकर प्रशंसा की है। विराट इस मैच में पारी की शुरुआत से लेकर जीत का टिके रहे। इसी को लेकर अश्विन ने कहा है कि उनके अंदर आज भी रनों की पहले जैसी ही भूख है जो मुख्य रुप से युवा बल्लेबाजों में होती है।

अश्विन ने कहा, मुझे इस उम्र में वह काफी अजीब लगता है। मैं कभी-कभी हमारी बातचीत के दौरान उसे यह बताता हूं। वह 40 के आस-पास बल्लेबाज कर रहा था, एक साझेदारी चल रही थी और आरसीबी आराम से आगे बढ़ रही थी। वह पहला एक रन लेने के लिए दौड़ा, वहीं रुक गया जबकि दूसरा बल्लेबा अभी आधा भी नहीं पहुंचा था पर विराट पहले से ही दूसरा एक रन लेने का प्रयास कर रहा था। वह लेग साइड पर 57 मीटर की बाउंड्री थी और यह दिखाता है कि वह अभी



भी गेम में कितना उत्साह लाता है।

अश्विन ने साथ ही कहा, वह जो कहता है, वही करता है। ऐसा लगता है जैसे वह लोगों को यह बताने के लिए एक शो कर रहा हो कि गेम कैसे खेलना चाहिए, इसे मेहनत से खेलना चाहिए और इसे वैसे ही खेलना चाहिए जैसा इसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो किया, उसके बारे में यह बात मेरे लिए सबसे अलग थी और अगर आससीबी इसी तरह बल्लेबाी करने वाली है, तो विराट को बस पूरे 20 ओवर खेलने की जरूरत है। विराट मैदाने पर टिके रहें तो रन आते रहंगे।

**आईपीएल के पहले ही मैच में क्लासेन को आउट दिये जाने पर वॉन ने उठाये सवाल**

**एजेंसी, बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत के साथ ही विवाद भी शुरु हो गये हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए पहले ही मैच में हेनरिक क्लासेन के एक कैच को लेकर ये विवाद उठा है। क्लासेन के कैच को बाउंड्री पर फिल सॉल्ट ने पकड़ लिया पर वह इसी दौरान सीमा रेखा के काफी करीब पहुंच गये इससे अंपायर ने क्लासेन को आउट दे लिया और उसी पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सवाल उठाये हैं। वॉन ने सोशल मीडिया में लिख, 'मुझे ऐसा लगा जैसे सॉल्ट के पैर ने सीमा रेखा को छुआ हो। ऐसे में क्लासेन कों संदेह का लाभ मिलना था पर नहीं दिया गया। इससे आरसीबी को लाभ हुआ। अंपायर कैये यह कैसे बता सकते हैं पैर का कोई हिस्सा सीमा रेखा पर नहीं लगा।'वॉन ने कहा कि सॉल्ट ने शानदार कैच पकड़ा, मगर कैच पकड़ने के दौरान वह बाउंड्री के काफी नजदीक थे।

# आईपीएल से हटने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत : गावस्कर

एजेंसी, मुम्बई



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है आईपीएल से हटने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ केवल दो साल का प्रतिबंध ही काफी नहीं है। हससे भी अधिक सख्त कदम उठाने चाहिये जिससे कि कोई भी भविष्य में इस प्रकार से धोखा न करे। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार से कई खिलाड़ी बहानेबाजी करते हैं उसे रोकने के लिए आईपीएल आयोजकों का कठोर नियम बनाने चाहिये। आईपीएल शुरु होने के ठीक पहले कुछ विदेशी खिलाड़ियों के अचानक वापस नाम लेने से टीमों की रणनीति बिखर गयी है। नाम वापस लेने वालों में इंग्लैंड के बेन डकेट और हैरी ब्रूक भी शामिल है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी नीलामी में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उस पर 2 साल का प्रतिबंध लगता है पर गावस्कर का मानना है कि इससे अधिक अधिक कठोर कदमों की जरुरत है। गावस्कर ने कहा, "यह एक कठिन मामला है। डकेट की एशेज सीरीज बहुत अच्छी रही थी, और अगर उन्हें 'द हंड्रेड' की नीलामी में उतनी बड़ी रकम में नहीं खरीदा गया होता, तो वह आईपीएल खेल रहे होते। 'द हंड्रेड' में अच्छी कीमत पर खरीदे जाने के बाद, वह आईपीएल को छोड़ने और यह कहने में काफी खुश थे कि वह अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।" उन्होंने साथ ही कहा, "लेकिन हां, इस बारे में बीसीसी को भी सोचना चाहिए कि क्या किया जाना चाहिए, क्योंकि दो साल का प्रतिबंध साफ तौर पर काम नहीं कर रहा है। आपको कुछ ऐसा करना होगा जिसका असर हो। जब तक इसका खिलाड़ी पर और उसके आईपीएल में वापसी के अवसरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, तब तक यह नियम काम नहीं करेगा।" डकेट के लीग से हटने के फैसले ने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और लीग के नियमों पर सवाल उठने लगे हैं।

# हमारा लक्ष्य खिताब फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीतना है : पाटीदार

एजेंसी, बेंगलुरु



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सत्र के पहले ही मैच में जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि हम खिताब बचाने की मानसिकता के साथ नहीं उतरे हैं। पाटीदार के अनुसार आरसीबी लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फिर से खिताब जीतना चाहती है। आरसीबी ने अपने पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएत) को छह विकेट से हराय है जिससे उसके हौंसले बलंद हैं। पाटीदार ने कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब की जगह खिताब हासिल करने वाला मानते हें। उन्होंने कहा, हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात थी। अब हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। इसी को लेकर पाटीदार ने कहा, लक्ष्य का पीछा करने में कोहली शीर्ष पर हैं। मुझे हमेशा से ही उनकी बल्लेबाजी पसंद रही है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है।

उन्होंने कहा, कोच एंडी फ्लावर और मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के सबसे उच्च स्तर पर हैं। उनकी पारी की प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह मेरे आदर्श हैं और मैंने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। वहीं मैच में तीन विकेट लेकर सनराइजर्स पर अंकुश लगाने वाले डफी को लेकर उन्होंने कहा, वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है। जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है।

## बिजनेस

# साप्ताहिक समीक्षा- लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण लगातार बदल रही परिस्थितियों के बीच घरेलू शेयर बाजार पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान जोरदार उतार-चढ़ाव का गवाह बनने के बाद लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। रामनवमी की छुट्टी के कारण सिर्फ चार दिन के कारोबारी सप्ताह में शेयर बाजार पहले और आखिरी दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दूसरे और तीसरे कारोबारी दिन बाजार में जोरदार तेजी बनी रही। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के गिरावट के साथ 73,583.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,819.60 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। 27 मार्च को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 2.79 प्रतिशत की बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इस इंडेक्स में शामिल कंपनी में टेक महिंद्रा, अपोलो हॉस्पिटल्स और जाइडस लाइफ साइंसेज जैसी कंपनियां के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, स्वीगी, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, इंडस टावर्स, टाटा कैपिटल और गेल (इंडिया) लिमिटेड जैसी कंपनियों के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद साप्ताहिक आधार पर 1.3 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल ग्लैंड फार्मा, कोफोर्ज, विशाल मेगा मार्ट, प्रीमियर एनर्जीज, ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और परसिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, भारत डायनॉमिक्स, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, गुजरात गैस, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, गोदरेज इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, एस्कॉर्ट्स क्यूबोटा, टॉरेंट पावर, कोचीन शिपयार्ड और 360 वन डब्ल्यूएएम के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। बीएससी का स्मॉलकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान साप्ताहिक आधार पर गिरावट का शिकार हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल एंबेसी डेवलपमेंट्स, ब्रेन बीज सॉल्यूशंस, जयप्रकाश पावर वेंचर्स, पीटीसी इंडस्ट्रीज, गार्डनरिच शिप बिल्डर्स एंड इंजिनियर्स, चेन्नई पैट्रोलियम कॉरपोरेशन, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, आरएचआई मैग्नेसिता इंडिया, रिलैक्सो फुटवियर्स, बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉरपोरेशन, किर्लोस्कर ब्रदर्स और फिनोलेक्स केबल्स कर साप्ताहिक आधार पर 8 से लेकर 13 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स, एचईजी, ऐफल 31, एक्मे सोलर होल्डिंग्स, अपार इंडस्ट्रीज, फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस, सम्मान कैपिटल और ब्रिगेड एंटरप्राइजेज के शेयर में साप्ताहिक आधार पर 7 से लेकर 15 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई।

# एनएसई पर 13 अप्रैल को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की होगी लॉन्चिंग, इंडियन नेचुरल गैस फ्यूचर्स की भी जल्द होगी शुरुआत

एजेंसी, नई दिल्ली



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से एनएसई डेटेड ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की शुरुआत करने जा रहा है। इसके लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एस एंड पी ग्लोबल एनर्जी के साथ एक स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही एनएसई अगली तिमाही में इंडियन नेचुरल गैस कॉन्ट्रैक्ट्स भी शुरू करने वाला है। इसके लिए एनएसई को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि एनएसई डेटेड ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की लॉन्चिंग होने से एनएसई के एनर्जी सेगमेंट ऑफरिंग में बड़ा विस्तार होगा। इसी तरह इंडियन नेचुरल गैस कॉन्ट्रैक्ट्स की शुरुआत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनर्जी डेरिवेटिव्स पोर्टफ़ोलियो को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि एनएसई का यह कदम उसके एनर्जी डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के उसके कमिटमेंट का भी संकेत है, जिसका फायदा उसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को आकर्षित करने में मिलेगा।

बता दें कि फिलहाल एनएसई के पास वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड कॉन्ट्रैक्ट्स में 16 प्रतिशत मार्केट शेयर है। जानकारों का कहना है कि एनएसई ने अगले कॉन्ट्रैक्ट एक्सपायरी तक इसे 30 प्रतिशत से भी अधिक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनएसई के योजनाकारों को उम्मीद है कि ब्रेंट क्रूड और नैचुरल गैस फ्यूचर्स की शुरुआत होने पर एनर्जी डेरिवेटिव्स मार्केट में एनएसई को अपनी मौजूदगी मज़बूत करने में मदद मिलेगी और इससे ग्लोबल पार्टिसिपेंट्स का एक बड़ा वर्ग भी इसमें निवेश करने के लिए आकर्षित होगा।

फिलहाल भारत में कमोडिटी मार्केट पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज(एमसीएक्स) हावी है। ऐसी स्थिति में एनएसई के स्ट्रेटेजिक विस्तार से एनर्जी सेगमेंट में कॉम्पिटिशन बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही इसकी वजह से एनर्जी सेंगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम में भी तुलनात्मक रूप से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली




घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 180 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 4,416 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है, वहीं चांदी अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिसल कर 68.12 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। भारत में सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,32,660 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,44,870 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा थाः 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद



एजेंसी, जयपुर

जवाहर नगर थाना पुलिस ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को 700 किलो से अधिक नकली पनीर (मावा) बरामद किया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर नकली मावा सप्लाई होने वाला है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप वाहन से भारी मात्रा में लाया गया मावा बरामद किया। जिसे बाजार में सप्लाई से पहले ही पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ प्रथम की टीम को बुलाकर नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मार्केट में टीवीएस का दबदबा, बजाज ऑटो दूसरे स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली

टीवीएस मोटर ने मार्च के महीने में भी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मार्केट में अपना दबदबा बरकरार रखा है। 27 मार्च तक देश में कुल 1,39,238 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसमें 27.30 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ टीवीएस मोटर पहले स्थान पर रही। टीवीएस मोटर द्वारा निर्मित कुल 38,007 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का अभी तक रजिस्ट्रेशन हो चुका है। टीवीएस मोटर के बाद इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बेचने के मामले में बजाज ऑटो दूसरे स्थान पर रही है। बजाज ऑटो द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का मार्केट शेयर 24 प्रतिशत है। अभी तक बजाज ऑटो द्वारा बनाए गए 33,447 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सरकार द्वारा बनाए गए वाहन पोर्टल द्वारा जारी किए गए रजिस्ट्रेशन डेटा के अनुसार मार्च के महीने में एथर एनर्जी 26,151 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री करके तीसरे स्थान पर रही है। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में एथर एनर्जी का मार्केट शेयर 18.8 प्रतिशत है। कंपनी की इस उपलब्धि में एथर एनर्जी की 450 सीरीज और फैमिली स्कूटर रिज्टा की बिक्री का अहम योगदान है। मार्च के महीने में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बेचने के मामले में हीरो मोटोकॉर्प चौथे स्थान पर रही। हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड विडा ने 15,683 रजिस्ट्रेशन और 11.3 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में मार्च महीने के दौरान चौथा स्थान हासिल किया। वहीं ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के दौरान 6,381 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री की। इस महीने इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत रहा और कंपनी पांचवें स्थान पर रही। इन प्रमुख कंपनियों के अलावा अन्य कंपनियों में एंपियर ने 3.9 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ 5,378 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का रजिस्ट्रेशन कराया, जबकि रिवर कंपनी ने 2.3 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ अपने 3,135 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का रजिस्ट्रेशन कराया। मार्च के महीने में बीगॉस ने कुल 2,296 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स की बिक्री की। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में कंपनी का मार्केट शेयर 1.6 प्रतिशत है। इसी तरह प्योर ईवी के सिर्फ 259 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स मार्चे के महीने में अभी तक बिक सके हैं। कंपनी का इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में महज 0.2 प्रतिशत का मार्केट शेयर है। इनके अलावा कई अन्य छोटे और उभरते इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मैन्युफैक्चरर्स ने मार्च के दौरान कुल 8,501 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स की बिक्री की। इन छोटे छोटे मैन्युफैक्चरर्स का इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में कुल मिला कर 6.1 प्रतिशत का मार्केट शेयर है।

# साड़ी में छाईं आलिया भट्ट, सादगी ने बढ़ाई एक्ट्रेस की खूबसूरती, तस्वीरों से नहीं हटा पाएंगे नजर

आलिया भट्ट अपने हर लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में अब एक्ट्रेस ने साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। आलिया अपने लुक से ज्यादा फैंस के बीच सादगी और सिंपल मेकअप को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस के देसी और स्टाइलिश अंदाज से नजरें हटा पाना किसी के लिए भी मुश्किल होगा। प्रियंका कपाड़िया द्वारा स्टाइल किया गया आलिया भट्ट का यह एलिगेंट और मॉडर्न लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने उनकी पोस्ट पर तारीफों की झड़ी लगा दी। हालांकि, इस बार उनका सॉफ्ट, एलिगेंट और मिनिमल मेकअप सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यूजर्स उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे और उनकी तुलना स्वर्ग की अप्सरा से कर रहे हैं। चेन्नई के इवेंट के लिए आलिया ने जैडन लेबल की एक फ्रेश सेज ग्रीन साड़ी पहनी, जिसे सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया था। ऑर्गेंजा की इस साड़ी की हल्की कढ़ाई ने इसे और भी ज्यादा खूबसूरत बना दिया, जिस पर हरे रंग के बड़े-बड़े फूलों वाली कढ़ाई और पतला बॉर्डर है। इस साड़ी में आलिया भट्ट की सादगी देख आप भी उनके फैन हो जाएगे।

आलिया भट्ट की साड़ी को क्लासिक अंदाज में स्टाइल किया गया है, जिसमें परफेक्ट प्लेट्स और खूबसूरत सा लहराता हुआ पल्लू उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस ने इस ड्रेप के साथ मैचिंग रंग का स्लीवलेस सिल्क ब्लाउज पहना था, लेकिन जिस चीज ने इस आउटफिट को सचमुच खास बना दिया, वह थी उनकी ज्वेलरी। आलिया ने मोक्ष का एक बेहद खूबसूरत कुंदन चोकर चुना, जिसमें कीमती रत्न और हीरे जड़े थे। इसी वजह से उनका लुक शाही लग रहा है। सोने की इयररिंग और बाकी एक्सेसरीज ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए, जहां एक तरफ साड़ी की खूबसूरती निखरकर सामने आई तो वहीं दूसरी तरफ इन एक्सेसरीज ने भी उनकी सुंदरता बढ़ा दिया।

आलिया भट्ट का मेकअप उनके सिग्नेचर स्टाइल के हिसाब से बहुत ही अच्छा लग रहा था। आंखों और होठों पर हल्के गुलाबी रंग के शेड्स, हाइलाइटर का हल्का सा टच और न्यूड लिप्स उनके लुक के अनुसार एक दम परफेक्ट लग रहा है, जो उनके लुक को और ग्रेसफुल बनाता है। वहीं, इस लुक को पूरा करने के लिए आलिया ने अपने बालों को बीच से पार्टिंग करके हल्के वेव्स में खुला रखा। ऐसे में फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनकी पोस्ट पर तारीफों की बाढ़ आ गई। आलिया भट्ट का 2026 का वर्क फ्रंट बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स से भरा हुआ है। वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं, जो 10 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में अपने पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल के साथ दिखाई देने वाली हैं।



# एकता कपूर बनाएगी आतंकी हमलों पर आधारित 'द टेरर रिपोर्ट'



बॉलीवुड फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की सफलता के बाद निर्माता एकता कपूर एक नई और बड़े स्तर की राजनीतिक थ्रिलर लेकर आ रही हैं। एकता कपूर ने 'द टेरर रिपोर्ट' नामक फिल्म बनाने का ऐलान किया है, जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित होगी और भारत के खिलाफ हुए आतंकी हमलों के साथ-साथ उनके जवाब में किए गए सख्त कदमों को पर्दे पर पेश करेगी। बालाजी टेलीफिल्म्स और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट ने मिलकर यह फिल्म बनाने का ऐलान किया है। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे, जिन्होंने शेरशाह जैसी चर्चित फिल्म के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। 'द टेरर रिपोर्ट' को 'द साबरमती रिपोर्ट' की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सीमा पार आतंकवाद और उससे निपटने के लिए भारत की रणनीति को विस्तार से दिखाया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, फिल्म में जांच एजेंसियों की पेचीदगियों, खुफिया अभियानों और हालिया सुरक्षा घटनाओं को गहराई से दर्शाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में बालाजी टेलीफिल्म्स की रचनात्मक दृष्टि और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट की प्रोडक्शन क्षमता का संगम देखने को मिलेगा। फिल्म के निर्माताओं में एकता कपूर के साथ शोभा कपूर, तनुज गर्ग और अतुल कसबेकर शामिल हैं। फिल्ममेकर्स का मानना है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दर्शकों को देश की सुरक्षा व्यवस्था और आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जागरूक भी करेगा। 'शेरशाह' जैसी फिल्म से अपनी निर्देशन क्षमता साबित कर चुके विष्णु वर्धन अब इस नई फिल्म के जरिए एक और सशक्त और वास्तविक कहानी बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी में हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही इससे जुड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद है।


# धुरंधर 2 के बाद सारा अर्जुन के हाथ लगी नई फिल्म, अभिनेता ईशान खट्टर संग बनेगी जोड़ी



रणवीर सिंह की धुरंधर फ्रैंचाइजी में नजर आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन खूब चर्चा बटोर रही हैं। फिलहाल 19 मार्च को धुरंधर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस बीच, एक रिपोर्ट में पता चला है कि धुरंधर 2 के बाद, सारा के हाथ एक नई परियोजना लगी है। इस खबर ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। बताया जाता है कि इसमें उन्हें ईशान खट्टर के अपोजिट देखा जाएगा। के मुताबिक, टाइगर बेबी द्वारा समर्थित आगामी परियोजना में ईशान और सारा साथ काम कर रहे हैं। हाल ही में, परियोजना की शूटिंग की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर लीक हो गईं जिसके बाद से परियोजना की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता जोया अख्तर ने इसी दौरान एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया। लोगों का मानना है कि यह पोस्ट इसी परियोजना से जुड़ा होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह कर रहे हैं जो पहले फिल्म खो गए हम कहां बना चुके हैं। फिलहाल, परियोजना से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। यह फिल्म होगी, सीरीज होगी या कुछ और, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों कलाकारों के काम पर नजर डालें, तो ईशान को आखिरी बार फिल्म होमबाउंड में देखा गया था। वहीं सारा इस वक्त धुरंधर 2 की तूफानी सफलता का जश्न मना रही हैं।



# दिखावे से ज्यादा अहमियत अभिनय को देना चाहिए : सिद्धांत चतुर्वेदी



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का मानना है कि दिखावे से ज्यादा अहमियत अभिनय को दी जानी चाहिए और वही उनकी असली पहचान है। अभिनेता ने साफ कहा कि उन्हें फैशन को लेकर किसी तरह का दबाव महसूस नहीं होता। उनके अनुसार, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम एक अभिनेता बनने के लिए रखा था और अब जब उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है, तो वही उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका पूरा ध्यान अपने अभिनय कौशल को बेहतर बनाने पर रहता है, न कि बाहरी दिखावे पर। सिद्धांत ने फैशन को लेकर अपनी सोच साझा करते हुए कहा कि वह इसे अलग से करने वाली चीज नहीं मानते। फिल्मों में जो किरदार निभाते हैं, उसी के मुताबिक उन्हें कपड़े पहनने का मौका मिलता है और वही उनका स्टाइल बन जाता है। उनका मानना है कि फैशन को लेकर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है और न ही 'परफेक्ट' दिखने के दबाव को खुद पर हावी होने देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि असली स्टाइल कपड़ों से नहीं, बल्कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी से झलकता है। उनके मुताबिक, जो व्यक्ति सहज और आत्मविश्वासी होता है, वही सबसे ज्यादा स्टाइलिश नजर आता है। सिद्धांत का मानना है कि जब इंसान खुद जैसा रहता है, तो उसका आत्मविश्वास ही उसका सबसे बड़ा 'स्वैग' बन जाता है। फैशन के ट्रेंड्स को लेकर उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा इसके बारे में सोचने लगता है, तो वह दूसरों की नकल करने लगता है। इससे उसकी अपनी पहचान खो सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि फैशन में सबसे जरूरी है खुद को नेचुरल तरीके से पेश करना और अपनी असलियत को बनाए रखना, न कि किसी ट्रेंड के पीछे भागना। सिद्धांत चतुर्वेदी की यह सोच आज के दौर में खास मायने रखती है, जहां सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण लोग अक्सर अपनी असली पहचान से दूर होते जा रहे हैं। उनका यह नजरिया न केवल नए कलाकारों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सफलता के लिए सबसे जरूरी है अपने हुनर और आत्मविश्वास पर भरोसा रखना। मालूम हो कि आज के डिजिटल दौर में जहां सोशल मीडिया ने हर किसी की जिंदगी को प्रभावित किया है, वहीं फिल्मी सितारों पर 'परफेक्ट' दिखने का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है।



# कोल्ड कॉफी को सेहतमंद बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके, नहीं बढ़ेगा आपका वजन







कोल्ड कॉफी का स्वाद हर किसी को भाता है और गर्मी में इसे पीने का मजा ही अलग होता है। हालांकि, इसमें इस्तेमाल की जाने वाली चीजें अक्सर सेहत के लिए सही नहीं होतीं। इसमें सफेद चीनी और व्हिप क्रीम आदि का इस्तेमाल होता है, जो वजन बढ़ने का कारण बनती हैं। इन चीजों के कारण कोल्ड कॉफी में कैलोरी और वसा की मात्रा बढ़ जाती है। अगर आप कोल्ड कॉफी को सेहतमंद बनाना चाहते हैं तो ये टिप्स अपनाएं।

**दूध की जगह बादाम का दूध इस्तेमाल करें**: अधिकांश लोग कोल्ड कॉफी बनाने के लिए सामान्य दूध का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें वसा की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप चाहें तो इसमें सामान्य दूध के बजाय बादाम के दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का दूध कम कैलोरी वाला होता है और इसमें प्रोटीन, विटामिन-ई और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। यह लैक्टोज मुक्त भी होता है, जिसे वजह से इसे हर कोई पी सकता है।

**सफेद चीनी के बजाय शहद या मेपल सिरप डालें**: कोल्ड कॉफी में मिठास बढ़ाने के लिए सफेद चीनी की जगह शहद या मेपल सिरप का इस्तेमाल करें। शहद और मेपल सिरप प्राकृतिक मिठास प्रदान करते हैं और सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं। इनका उपयोग करने से आपकी कोल्ड कॉफी में मिठास भी बढ़ेगी और यह सेहत के लिए भी फायदेमंद होगी। शहद और मेपल सिरप दोनों ही कम कैलोरी वाले होते हैं और इनमें शरीर के लिए जरूरी तत्व होते हैं।


**व्हिप क्रीम की जगह बादाम का मक्खन डालें**: अक्सर लोग अपनी कोल्ड कॉफी पर व्हिप क्रीम डालते हैं, जिससे इसमें कैलोरी काफी बढ़ जाती है। आप अपनी ठंडी कॉफी में व्हिप क्रीम की जगह पर बादाम के मक्खन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे न केवल इस पेय की कैलोरी कम होगी, बल्कि यह और भी स्वादिष्ट बन जाएगा। बादाम का मक्खन प्रोटीन और वसा से भरपूर होता है, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। आप इस सामग्री के बिना भी कोल्ड कॉफी बना सकते हैं।

**स्वाद बढ़ाने के लिए दालचीनी पाउडर डालें**: कोल्ड कॉफी का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें थोड़ा-सा दालचीनी पाउडर मिला सकते हैं। दालचीनी न केवल आपकी कोल्ड कॉफी को एक खास स्वाद देगी, बल्कि इसमें मौजूद अच्छे तत्व आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होंगे। दालचीनी पाउडर में मौजूद गुण आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करेंगे। इन तरीकों से आप अपनी कोल्ड कॉफी को स्वादिष्ट और सेहतमंद बना सकते हैं।

# घर पर आसानी से मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके

मांसपेशियों का विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जो न केवल शारीरिक ताकत को बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। अगर आप जिम जाने का समय नहीं निकाल पा रहे हैं, तो घर पर ही कुछ आसान कसरतों को अपनाकर आप मांसपेशियों का विकास कर सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी कसरतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से की जा सकती हैं।

**पुश-अप्स से होगा फायदा** : पुश-अप्स एक ऐसी कसरत है, जो आपके पूरे शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेटें और अपने दोनों हाथों पर वजन डालते हुए शरीर को ऊपर-नीचे करें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपका शरीर एक सीध में हो। यह कसरत न केवल छाती, कंधे और हाथों की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि पेट की मांसपेशियों को भी टोन करती है।




**स्क्वाट्स भी है प्रभावी** : स्क्वाट्स आपके पैरों और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और फिर घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जैसे कि कुर्सी पर बैठने वाले हों। इसके बाद धीरे-धीरे नीचे झुकते हुए खड़े हो जाएं। यह प्रक्रिया बार-बार दोहराएं। स्क्वाट्स करने से आपके पैरों की ताकत बढ़ेगी और पीठ की मांसपेशियां भी मजबूत होंगी, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होगी।

**प्लैंक आजमाएं**: प्लैंक एक बेहतरीन कसरत है, जो आपके पूरे शरीर को चुनौती देती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेटकर अपने दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर रखें और पंजों पर वजन डालते हुए शरीर को सीधा रखें। इस अवस्था में जितनी देर हो सके उतनी देर टिके रहें। प्लैंक करने से पेट, पीठ और कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होती है।

**लंज को बनाएं अपनी दिनचर्या**: लंज एक ऐसी कसरत है, जो आपके पैरों, कूल्हों और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए सबसे पहले सीधे खड़े होकर एक पैर को आगे बढ़ाएं और दूसरे पैर को पीछे खींचें, फिर आगे वाले घुटने को मोड़ते हुए नीचे आएं जब तक कि दोनों घुटने 90 डिग्री तक न हो जाएं। इस अवस्था में कुछ सेकंड रुके रहें और फिर वापस प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इसे बार-बार दोहराएं।

**पुल-अप्स भी है फायदेमंद**: पुल-अप्स एक ऐसी कसरत है, जो आपकी पीठ, कंधों और हाथों की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए किसी मजबूत सलाखों पर लटकें और अपने हाथों से खुद को ऊपर खींचें जब तक कि आपका ठुड्डी बार के ऊपर न हो जाएं। नीचे धीरे-धीरे आएं और फिर से इसे दोहराएं। पुल-अप्स करने से आपकी पीठ की मांसपेशियां टोन होती हैं, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होती है।



# मोना सिंह की सीरीज मां का सम का ट्रेलर जारी, दिल छू लेगा मां-बेटे का रिश्ता



मां का सम नई सीरीज का ट्रेलर आज कुछ ही देर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। मां का सम सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। मां का सम के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है। अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है। एएनआई के अनुसार, मोना ने अपने किरदार के बारे में कहा, विनीता का किरदार उन सब से बहुत अलग है, जो मैंने पहले किए हैं। इसमें सिंगल मां और बेटे के बीच दोस्ती, भरोसा और प्यार दिखाया गया है। मुझे यह बहुत अच्छा लगा कि विनीता खुद को कमजोर होने देती है, फिर से प्यार ढूंढती है और अपने बेटे के अनोखे नजरिए पर भरोसा करती है। इसके साथ ही मोना सिंह ने फैंस से गुजारिश की और कहा, यह सीरीज ह्यूमर और इमोशन का खूबसूरत मिश्रण है। बहुत से लोग इसमें अपने रिश्ते देखेंगे। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि सब लोग इसे देखें। मिहिर आहूजा ने इस सीरीज में अगस्तय नाम के लड़के की भूमिका निभाई है। मिहिर ने इस सीरीज में अपने किरदार को लेकर कहा, अगस्त्य बहुत होशियार और कॉन्फिडेंट लड़का है, लेकिन असल में वह सिर्फ एक बेटा है, जो अपनी मां से बहुत प्यार करता है और उसे खुश देखना चाहता है।

# CM meets L-G, pushes green budget vision for sustainable development



**New Delhi, Agency:** Chief Minister Rekha Gupta held a courtesy meeting with Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu, where the two leaders discussed key problems related to Delhi's development, public welfare, and the city's future roadmap.

According to officials, the meeting focused on aligning governance priorities with long-term goals for a more sustainable and citizen-centric capital. A significant part of the discussion revolved around the recently proposed Green Budget, which aims to accelerate infrastructure growth while maintaining a strong emphasis on environmental sustainability.

Highlighting the importance of the initiative, the Chief Minister underscored that the Green Budget reflects a forward-looking vision for Delhi, combining development with ecological responsibility. "We had a meaningful discussion on Delhi's development, public welfare, and future direction," she said.

Emphasising the broader vision behind policy decisions, she added: "This year's Green Budget advances this very vision, with infrastructure acceleration, environmental priority, and a commitment to improving citizens' lives at its core." Both lead-

## 5 migrant labourers injured in cylinder blast at Kherki Majra

**New Delhi, Agency:** Five labourers sustained burn injuries after a small 5kg gas cylinder exploded while cooking in Kherki Majra village on Friday night. All were immediately taken to the civil hospital, from where they were referred to AIIMS, Delhi, the police said on Saturday. According to the police, six labourers, originally from Bihar, were living on a rented room in Kherki Majra village. They all work as labourers there. On Friday night, one of them went out to buy flour. Meanwhile, other labourers were cooking food in the room using a small gas cylinder. It is being said that due to a gas leak, the cylinder suddenly caught fire and exploded with a loud explosion. The flames engulfed all five people in the room. Others in the building immediately rushed the injured to the civil hospital via ambulance, they added.

## Youth innovators should contribute to building 'Delhi 2.0': CM Rekha Gupta



**New Delhi, Agency:** Young innovators should contribute to building 'Delhi 2.0', Chief Minister Rekha Gupta said on Saturday.

Gupta attended the 'India Innovates 2026 -- World's Biggest Hackathon' event at Bharat Mandapam, where she encouraged young innovators from across the country.

Highlighting the scale of the hackathon, Gupta said that more than 5,000 participants selected from over one crore applicants represent the future of India's digital ecosystem.

"Their thinking will shape the direction of governance, society and the economy in the years ahead," Gupta said, urging them to contribute to building 'Delhi 2.0'. The chief minister also underlined the government's commitment to integrating young ideas and innovations into the governance system, with the aim of making public services more accessible, transparent and effective.



## Delhi to reset liquor barcodes

**New Delhi, Agency:** To tighten control, improve traceability and prevent the misuse of outdated product codes in the liquor supply chain, Delhi govt has announced fresh brand registrations for 2026-27 along with a reset of liquor barcodes - an annual exercise undertaken at the change of the financial year.

"On March 31 at 23:59:59, the validity of all active SKUs will expire automatically in the system. After this time, no licensee will be able to conduct trade using these SKUs unless the validity is extended," an official said. In Delhi, every liquor product - based on its brand, size and type - is assigned a separate Stock Keeping Unit (SKU), a unique identification code, used to monitor stock, sales and movement, generate barcodes and ensure regulatory compliance. From April 1, fresh SKUs will be issued to enhance supply-chain control and traceability.

The official said the move is aimed at ensuring better traceability and regulatory control. The excise dept has warned of strict action for non-compliance.

## 17-year-old stabbed to death, 5 held



**New Delhi, Agency:** A 17-year-old boy was allegedly murdered and another left critically injured after a stabbing incident during a wedding ceremony in outer Delhi's Rani Bagh on Friday night.

According to police, the incident occurred around 11:15 pm when a quarrel broke out between two groups of minor boys, aged around 12, attending the function from the same side. The dispute reportedly began over their respective connections to the couple and soon escalated into a heated altercation.

As tensions flared, older boys present at the venue got involved, further intensifying the situation. During the scuffle, one of the boys allegedly stabbed the 17-year-old in the chest, inflicting a fatal injury to his heart. Another boy was also allegedly attacked in the midst. Both were rushed to a nearby hospital, where the 17-year-old was declared brought dead, while the other continues to undergo treatment.

A friend of the deceased said that he believes the victim may have stepped in to defuse the situation. "He must have tried to intervene when the fight broke out. An older individual present there saw the commotion and may have assumed he was involved in hitting the children. They did not actually know whether he was attacking anyone," the friend said.

While some initial reports suggested that the altercation was triggered by a dispute over music being played by the DJ, a senior police officer refuted these claims, stating that the argument stemmed from a minor disagreement between the groups.

Police have apprehended four minors and an adult in connection with the case.

### Balm in the middle of war:

# From Kashmir to Kerala, donations trickle in at Iran embassy



**New Delhi, Agency:** A hesitant third-grader, Sarwar, glanced at his father before speaking, his voice barely above a whisper as he tried to explain why he had come to the Iranian Embassy in New Delhi on Saturday.

The child had travelled with a group of men from Uttar Pradesh's Muzaffarnagar, carrying with him a small offering --a gesture of solidarity, one month after the Minab school attack in Iran, that reportedly killed at least 170 schoolchildren and teachers.

Encouraged by his father, Haidar Mehndi (43), a car mechanic, the child softly said, "Mai apne rahbar (referring to Iran's supreme leader Ali Hosseini Khamenei, who was killed in the ongoing war) ko Khiraj-e-aqidat pesh karne aya hu. Mere rahbar shaheed ho gaye hain (I have come to pay tribute to my leader. My leader has been martyred)."

A steady stream of visitors has been arriving at the embassy since the war between the US and Israel and Iran began, with people travelling from across the country -- including Kerala, Kashmir and Uttar Pradesh -- bringing small donations, handwritten messages and tokens of support. Inside, a clay piggy bank -left a day earlier by another child -- sat on a table alongside crossed flags of India and Iran and a white flower, symbolising friendship. In a post shared on social media, the embassy described the gesture as coming from "small yet love-filled hands", calling it a symbol of kindness and friendship between India and Iran.

Embassy officials said the contributions are being used to procure medicines for those injured in the attack. "We have already sent two consignments and are preparing a third - around 11 tonnes - to be dispatched on Tuesday," an official said showing a room filled with cartons of medicines ready for shipment.

Visitors were seen handing over donations, noting their details for acknowledgment. Among them, Akhbar Abbas handed over a small bundle of cash - Rs 3,410 - which was recorded before being accepted. The men quietly left after exchanging greetings and sharing a moment of sorrow.

The register placed inside the embassy carried pages of handwritten messages in Hindi, Urdu, and English - some expressing grief, others solidarity. A few were written by schoolchildren who had visited earlier with their teachers. Officials said nearly 20 such registers have been filled since the war began, with people continuing to arrive through the day to extend support. The Minab school strike took place on Feb 28 amid the opening phase of the ongoing conflict. The war has since seen sustained airstrikes and retaliatory attacks, with hundreds of civilians, including children, reported killed, even as investigations into specific incidents - including the school strike - are ongoing and contested.

## Delhi Police Bust Investment Fraud Racket with Dubai Links, 5 Arrested

**New Delhi, Agency:** Delhi Police has busted an investment fraud racket with Dubai links and arrested five alleged fraudsters in connection with a syndicate. Police said the accused are linked to at least 18 complaints, and analysis of the accounts indicates transactions worth several crores. Police said the case came to light after a complainant, a resident of Arunachal Pradesh currently living in Delhi, reported being duped of Rs 12.22 lakh on the pretext of stock market investment. The man alleged he was contacted by a woman and her associates, who persuaded him to invest through a purported firm.

# 4 injured after jumping from first floor to escape blaze in Delhi's Bhajanpura




**New Delhi, Agency:** At least four people were injured after they jumped to escape a fire that broke out on Sunday morning in parked two-wheelers at a house in Bhajanpura.

According to Delhi Fire Services, "The fire department received a call at 2 am about a fire in four two-wheelers parked in the ground-floor parking lot of a house in the Bhajanpura area of North East Delhi. Four people jumped from the first floor and were taken to a nearby hospital. Others were rescued from the house." Officials said 11 fire tenders were deployed in the operation, and the blaze was brought under control by 3:50 am. Meanwhile, in a separate incident earlier, a fire broke out at a factory in the Bawana Industrial Area of the national capital, officials said.

According to preliminary information, the blaze erupted in Sector 2 of the industrial area. Upon receiving the alert, 17 fire tenders were rushed to the spot as part of a swift response by the Delhi Fire Department. Firefighting operations were carried out to douse the flames and prevent the fire from spreading to nearby units in the cluster.

In another incident, a fire broke out at Hard Rock Cafe in Connaught Place, prompting a quick response from the Delhi Fire Department. Officials said a call regarding the blaze was received at 12:31 pm, following which four fire tenders were immediately dispatched.

The fire, which originated in the restaurant's chimney, was brought under control within minutes by around 12:50 pm. No casualties or injuries have been reported so far. Authorities said timely intervention helped contain the blaze before it could spread further within the premises or to adjacent structures in the busy Connaught Place area.

## Delhi shocker: Gang lures man using dating app, robs him of Rs 7L



**New Delhi, Agency:** A man was allegedly abducted, assaulted and robbed of around Rs 7 lakh after being lured through a dating app to meet a woman in southeast Delhi's Nehru Place. Five people, including a woman, have been arrested.

On Wednesday, the man approached police and reported that he had been contacted by a woman, whose profile name was "Sherry" on the dating app. She allegedly persuaded him to meet her at Nehru Place.

When the man reached the location, he was confronted by three male associates of the woman, who allegedly assaulted him and forced him into a white car. Police said the victim was threatened and choked till he became unconscious. Under duress, he was allegedly forced to transfer approximately Rs 7 lakh through UPI transactions. After the ordeal, the men abandoned him in Nehru Place and fled.

A case was registered at Kalkaji police station under BNS sections pertaining to robbery, abduction for ransom and common intention.

Police analysed CCTV footage of the area and identified one of the vehicles used in the crime. The examination of the digital trail led to a mobile number, which, along with call records, intelligence inputs, automatic number plate recognition data and FASTag records, helped identify a second vehicle.

# HC denies compensation claim to man who blamed double amputation on railway accident



**New Delhi, Agency:** Delhi High Court has rejected a double amputee's claim for compensation from the railways. The man, Tulsi Das, claimed that his injuries had happened because of a fall from a moving train. The court, however, said that there was no proof of "bonafide travel".The high court raised doubts about the "foundational facts relating to the manner of occurrence" of the man's injuries. It said that these details "remain unsubstantiated".

The court upheld the Railway Claims Tribunal's decision to reject the plea for compensation as it transpired that Das was neither a "bona fide" passenger, nor were his injuries the result of any "untoward incident" as defined under the Railways Act, 1989.

Das claimed he had boarded Malwa Express from Sonipat station on March 25, 2015, for travelling to Jhansi on a valid second-class ticket. Due to the rush of passengers, he accidentally fell, when the train was between Sonipat and New Delhi railway stations. Das said that he suffered grievous injuries, leading to the amputation of both his arms from below the elbows. Though he had purchased a valid ticket, he lost it at the time of the incident, Das said, and argued that the non-recovery of a ticket cannot be the sole indicator to declare that he was not a passenger.

The tribunal rejected his claim, citing an unexplained time gap between the alleged time of the fall and when the information about it reached police. It also pointed out that no journey ticket was found and the explanation regarding its loss was unconvincing, particularly when other belongings were found to be intact.

The court too flagged these "inconsistencies" and noted that Das had claimed he fell near Sadar Bazar in Delhi but the MLC prepared at Lok Nayak Hospital records the place of accident as platform 10 of Old Delhi Railway Station.

"Admittedly, the said train does not pass through the Old Delhi Station and instead runs via New Delhi Railway Station. Therefore, the inconsistency between the alleged place of occurrence of the incident, and as recorded in the medical records, goes to the root of the matter and casts serious doubt on the appellant's version of bona fide travel," Justice Manoj Ohri said. The court also noted that information regarding the incident came at 1.30 am, while Das claimed that he fell in the evening at 6.30 pm, when the train would have crossed the Sadar Bazar section.

"This reflects a gap of nearly seven hours between the alleged time of the incident and the receipt of information by the police, and thereafter admitting him to the hospital, making it difficult to accept that a person sustaining such serious injuries would have remained unattended for such a prolonged period and survived. The said unexplained delay, particularly in a case involving grievous injuries of such a nature which resulted in double amputation of both the hands, is a significant circumstance which cannot be overlooked," the court concluded.